विषय सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
१. जाहरपीरः लोकवार्ता गीत	
सम्पादक डॉ० सत्येन्द्र	१
२. मैनासत—साधनकृत	
सम्पादक–श्री अगरचन्द नाहटा	१०७
३. नलदमन—सूर कृत	
सम्पादक—डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल	१२७
४. सिद्धान्त माधुरी—श्री रूपरसिक जी	१४१
५. विरह शत—(१६ वी शती का एक अप्रकाशित ग्रन्थ)	
सम्पादक—अगरचन्द नाहटा	१४५
६. सिंगार शतक भाषा (स १७२२)	१५५
७. (अ) सवाई पचीसी —किसोर पोष्करणो कृत दिल्ली में	
(ब) सवाई बतीसी — ,,	१६१
मुनि कान्तिसागर जी के सौजन्य से	
८. व्रजभाषा व्याकरण—श्री लल्लूजी लाल	१७१
९. प्रकाश नाममाला—श्री नूरमुहम्मद	२६५

नोकवार्ता गीत

जाहरपीर

[गायक लोहवन के मट्टानाथ]

मट्टू नाथ

जाहरपीर की कथा का विश्लेषण

जाहरपीर पर अब तक जो विचार हुआ है, उससे स्पष्ट है कि यह विविध संप्रदायों और मतों के ऐक्य से संगठित पापड है। उसकी कथा पर अभी तक जितना प्रकाश डाला गया है, उससे यह प्रकट होता है कि वह वीर पूजा का अधिकारी व्यक्तित्व रखता है, और उसकी गाथा जैसे वीर गाथा हो। किन्तु यहाँ आवश्यक यह है कि इस कथा का विश्लेषण और किया जाय।

प्रथम दृष्टि से ही यह विदित होता है कि इस कथा में निम्न तन्तु स्पष्ट हैं—

१. जाहरपीर की जन्म-कथा।
२. जाहरपीर की विवाह-कथा।
३. जाहरपीर की युद्ध-कथा।
४. जाहरपीर की निर्वाण-कथा।
५ सिरिअल की निर्वाण-कथा।

पहली कथा में निम्न अभिप्राय है.

१. राजा रानी संतानाभाव से पीड़ित—

लोक कथाकार ने इसमें कई अभिप्रायों को जोड कर इस संतानाभाव की स्थिति को अत्यंत असह्य दिखाया है :

उसने १. संतान की आवश्यकता दिखाई है।
२. ज्योतिषियों पंडितों से विधियाँ पूछी हैं।

इन तत्वों से यह स्पष्ट हो जाता है कि राजा ही भाग्यहीन है।
३. बाग लगवाया है।
४. बाग के फल फूल राजा के देखने से कुम्हिलाते हैं। रानी उन्हें बासी बताकर समाधान करती है।
५ बाग में राजा जाता है तो बाग सूख जाता है।
६. उसका साडू उसे अपने महल में नहीं आन देता।

७. राजा राजपाट छोड कर चल देता है, बाछल साथ जाती है।
८. अन्तत राजा लौटता है।

२. संतान-प्राप्ति के लिए जोगी-सेवा—

१. गोरखनाथ के आने से बाग हरा हो जाता है।
२. बाछल गोरख की सेवा करती है।
३. पहली सेवा का फल न मिलने पर फिर सेवा करती है।

३. जोगी से फल प्राप्ति—

१. बाछल की पहली सेवा का फल धोखा देकर उसकी बहिन काछल ले जाती है।

२. वाछल को बाछल समझ गुरु उसे दो फल देते हैं।
३. बाछल को दूसरी सेवा पर एक जौ या गूगुल मिलता है।

४. फल का उपयोग—

१. बाछल दोनों फलों को अकेली खाती है।
२. बाछल गूगुल या जौ को पांच व्यक्तियों में बांट देती है। वे पाँच हैं
   १. वह स्वयं।
   २. घोड़ी।
   ३. चमारिन।
   ४. महतरानी।
   ५. ब्राह्मणी।

५. बाछल पर लांछन—

१. बाछल गर्भवती।
२. ननद से बिगाड़।
३. ननद द्वारा बाछल के चरित्र पर लाछन।

६. बाछल का निष्कासन—

१. जेवर बाछल को मारने का प्रयत्न करता है पर तलवार नहीं चलती।
२. निष्कासन।

७. मार्ग में बाधा—

१. बाछल के बैल को सर्प काटता है।
   यह सर्प स्वयं गर्भ स्थित जाहरपीर की चेष्टा से आया है।
२. पिता और ससुर लेने आये
   जाहर ने दोनों को करामात दिखायी, जिससे दोनों बाछल को लेने आये।

८. गृह प्रतिवर्तन—

बाछल सासुरे आई।

९. संतान प्राप्ति—

बाछल के जाहरपीर हुआ अन्य
चारों के भी सतानें हुई ये पंच पीर कहलाये।

इस कथांश में ७वें अभिप्राय को छोड़ कर शेष सभी सामान्य लोक-कथाओं के तत्व हैं जो अन्य प्रसिद्ध कथाओं में भी मिल जाते हैं। सन्तानाभाव का अभिप्राय राम के पिता-माता से भी सम्बन्धित है। वहाँ योगी नहीं ऋषि आया है। ऋषि यज्ञ कराता है उसमें यज्ञ पुरुष ने निकल कर खीर दी है। जिस प्रकार खीर तीन रानियों में बाँटी गयी है, उसी प्रकार यहाँ गूगल पाँच में बाँटा गया है। ननद की शिकायत का तत्व लोक प्रचलित सीता बनवास

की कथा में भी है। यह लाछन की बात और लाछित को मारने या निकालने की बात सीता बनवास में भी है और राजा नल की माता मंभा से तो एक दम बहुत मिलती है। निष्कासन के उपरांत का तत्व जाहरपीर में अनोखा है। पीर का गर्भ में से जाकर वासुकि को विवश करना, अपने नाना और बाबा को विवश करना। ये इस कथा के अनोखे तत्व हैं।

दूसरे कथांश के अभिप्राय ये हैं—

१. स्वप्न में सिरिअल के दर्शन और आधी भावरें।
२. सिरियल की खोज में अकेले प्रस्थान।
३. गुरु गोरखनाथ से सिरिअल का पता।
४. घोड़े पर चढ कर समुद्र तट पर वैमाता को जूडी बांधते देखना।
५. घोड़े ने सिरिअल के देश में पहुँचाया।
६. सिरिअल के बाग में सिरिअल की शैया पर शयन।
७. सिरिअल का आना, मिलन, सार-पाँसे।
८. सिरिअल के पिता ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराया।
९. जाहर का बन में जाकर बंशी बजाना, नागो तक को मुग्ध करना।
१०. बासुकि ने तातिग नाग को सहायता के लिए भेजा।
११. तातिग ने सिरिअल को स्नानोपरान्त डसा।
१२. तातिग सपेरा बन राजा से बचन लेकर कि सिरिअल का विवाह जाहर से होगा, सिरिअल को ठीक कर देता है।
१३. एक अन्य दूलह का भी आगमन और जाहर का भी।
१४. दोनो बरातों का युद्ध।
१५. दैवी हस्तक्षेप।
१६. सिरिअल से विवाह।

इस समस्त कथांश में कुछ भी असामान्य तत्व नही, सभी अभिप्राय अत्यंत प्रचलित लोक-प्रेम-कथाओं में मिल जाते हैं।

तीसरे कथांश में ये अभिप्राय हैं—

१. बाछल की बहिन के लड़कों ने राज्य में से हिस्सा मांगा।
२. बाछल हिस्सा देने को तैयार।
३. जाहरपीर ने अस्वीकार कर दिया।
४. क्रुद्ध भाई मुसलमानी शासक को चढा लाये।
५. सिरिअल का हठ पूर्वक झूलने जाना और अपमानित होना।
६. सिरिअल ने ही जाहर से साक्षात्कार की विधि बतलायी।
७. सेना ने गायें घेर ली।
८. जाहर ने गायें छुडाने के लिए युद्ध किया और दोनो भाइयों के सिर काट लिये।

गायों के लिए युद्ध ऐसा तत्व है जो अत्यंत लौकिक हो गया है, विशेषतः राजस्थान

में। पाबूजी ने भी गायों के लिए युद्ध किया है। मुसलमानी शासकों को चढ़ा लाने का भी अभिप्राय इतिहास तथा लोकतत्व दोनों से सबद्ध है।

चौथे कथांश के अभिप्राय हैं—

१. जाहर मा को सूचना देता है कि उसने दोनों भाइयों को मार डाला।
२. मा का क्रुद्ध हो आदेश देना कि वह भ्रातृ-हन्ता उसे मुंह न दिखाये।
३. जाहर का पृथ्वी में समा जाने की इच्छा।
४. मुसलमानियत स्वीकार की।
५. तब पृथ्वी में वह घोड़े सहित समा गया।

चौथा अभिप्राय जाहरपीर के किसी किसी सस्करण में ही है। यह कथांश सपूर्ण ही अनोखा है। साधारणत लोक में प्रचलित नहीं।

पाँचवें कथांश में—

१. सिरिअल के वियोग में जाहर प्रेत रूप में ही प्रकट होता है।
२. प्रति रात्रि जब मा सो जाती है तो सिरिअल के पास आता है।
३. सिरिअल से वचन कि मा से नहीं कहेगी?
४. सिरिअल गर्भवती होती है अथवा उसकी सासु उसे सौभाग्य चिह्न धारण किये देखकर सदेह करती है।
५. सिरिअल मा से भेद खोल देती है और मा को दिखा देने का वचन देती है।
६. जाहर को पता चल जाता है। नहीं आता।
७. मा का उलाहना।
८. सिरिअल काग से सदेश भेजती है। देवों से चौपर खेलता मिलता है जाहर।
९. जाहर सिरिअल का निमत्रण मान लेता है।
१०. सिरिअल से मिलता है चलने लगता है तभी सिरिअल मा को जाते हुए जाहर को दिखाती है।
११. मा आवाज देती है तभी जाहर सिरिअल के साथ अंतिम रूप से भूमि में समा जाता है।

यह अन्तिम कथांश पुनरुज्जीवन अथवा प्रेत-प्राप्ति का है।

इस विश्लेषण से स्पष्ट विदित होता है कि समस्त कथा में वास्तविक ढाँचा प्रेम-गाथा का है।

पहला कथांश प्राय सभी लोकप्रिय प्रेमगाथाओं में मिलता है। नल-दमयन्ती सबधी लोक-कथा में भी नल के पिता विरषम निपुत्री हैं। उन्हें पुत्र की बहुत कामना है। अन्य अनेक लोक-कथाओं में ऐसा ही उल्लेख है। प्रेम-कथा का नायक असाधारण प्रकार से ही उत्पन्न होता है। जन्म से ही उसे सिद्ध या देवी देवता का पोषण मिलता है।

दूसरा कथांश शुद्ध प्रेम-कथा है। स्वप्न में सिरिअल को देखना उसे पाने के लिए चल पड़ना। बाधाएँ, उनका शमन। योगी होना या योगी गोरख की कृपा पाना। देवी

देवताओं की कृपा होना और प्रेमिका की प्राप्ति। इसी को जाहर की इस कथा में विशेष रूप में रख दिया गया है।

तीसरा कथांश प्रेमकथा या प्रेमगाथा के मिलनोपरान्त की बाधाओं से संबंध रखता है। पद्मावत में जिस स्थान पर अलाउद्दीन से युद्ध आता है प्रायः उसी स्थान पर गोगा का शाही सेना से युद्ध आता है। पद्मावत में भी अलाउद्दीन को चढा लाने वाला घर का भेदी है, जाहरपीर में भी ऐसा ही है, जाहर के मौसेरे भाई।

चौथा कथांश प्रेमगाथा के नायक की मृत्यु का एक रूपान्तर ही है। साधारण प्रेमगाथा में नायक मारा जाता है। यहां जाहर ने शत्रु को पछाड़ा है, फिर स्वयं पृथ्वी में समाये हैं। यह ऐसे ही है जैसे जायसी ने अलाउद्दीन के हाथ से बचा कर एक अन्य राजा से लड़ते लड़ते रत्नसेन का मरना दिखाया हो।

पांचवां कथांश प्रेमिका के चितारोहण के समान है परन्तु पीर की प्रेत-लीला दिखाकर इन प्रेमी प्रेमिका को इस कथाकार ने साथ साथ पृथ्वी में समाते दिखाया है।

अतः मूलतः जाहरपीर की कथा प्रेम कथा है जैसे राम कथा मूलतः प्रेम कथा है। पर, उसको एक विशेष धार्मिक ढाल में ढाल दिया है। प्रेम कथाएं प्रेम की पीर पैदा करने के लिये लिखी जाती थीं। अथवा किसी प्रकार की शिक्षा देने या मनोरंजन के लिए। जाहरपीर की कथा इनमें से किसी अभिप्राय से नहीं लिखी गयी। एक और अभिप्राय भी कथाओं का हुआ करता था, वह था उनका माहात्म्य। शब्द-वृक्ष-मन्त्र और फल के अनिवार्य संबंधों के कारण अथवा तान्त्रिक प्रभाव के कारण अथवा तान्त्रिकता के दूषित प्रभाव को रोकने के लिए कथाओं के साथ माहात्म्य की बात जुड़ी। इन कथाओं को पढने या सुनने से ही विशेष फल मिलने की बात पर विश्वास किया गया। पुत्रों के कल्याण के लिए अहोई आठें की कथा, पति के कल्याण के लिए करवा चौथ की कहानी, भाई के कल्याण के लिये भैया दूज की कहानी, सर्प से रक्षा के लिए नाग पंचमी की कहानी। कलंक से मुक्ति स्यमन्तक मणि की कथा दिलाती है। समस्त विघ्नों का नाश गणेश कथा से होता है। सब प्रकार की समृद्धि आती है सत्य नारायण की कथा सुनने से। इसी प्रकार यह विश्वास प्रचलित है कि रामकथा के सुन्दरकाण्ड का पाठ करने से रोग दोष नष्ट होते हैं। यही कारण है कि अकेले सुन्दरकाण्ड की हस्तलिखित प्रतियां बहुत मिलती हैं। तिजारी रोकने के लिए उषा कथा का महत्व है। जाहरपीर की कथा ऐसी ही माहात्म्य कथा है।

जाहरपीर

गुरू गैला[1] गुर वावरा[1] करैं गुरून की सेवा है
गुरू ते चेला अति बडा[2] तौउ करैं गुरू की सेवा है
महरी[3] पैं बादर ओलर्‌यौ वरसैं कौढार है
रानी कौ भीजें काचुओ[4], जाहर मिरगुल[5] पाग है

---

१. ये दोनों नाथ गुरुओं के नाम प्रतीत होते हैं : गैलानाथ तथा बाबरानाथ।

२. गुरु से चेला बड़ा माना गया है। इसमें एक सिद्धान्त तो यह विदित होता है कि चेला गुरु का ज्ञान तो प्राप्त कर ही लेता है, अपनी सिद्धि से उसे और आगे बढाता है, गुरु गोरखनाथ और मत्स्येंद्रनाथ की शक्तियों और सिद्धियों पर जब ध्यान जाता है तो विदित होता है कि गुरु गोरखनाथ अपने गुरु मत्स्येंद्रनाथ से बढे-चढे थे। उन्होंने गुरु का 'त्रिया-देश' में से उद्धार भी किया था। यह कथन साम्प्रदायिक भावना से भी कहा गया होगा। नाथ-सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक गोरखनाथ हुए। गोरख-सम्प्रदाय के अनुयायी अपने गोरखनाथ को सबसे बडा मानेंगे ही। अत अपने गुरु को सब से बडा मानकर अपनी भक्ति की सार्थकता प्रकट की और उनका गुरु सब से बडा होते हुए भी अपने गुरु की सेवा करता है, इस कथन से गुरु का शील भी प्रकट किया।

३. 'महरी' को जगदीशसिंह गहलौत ने गोगाजी का गाँव माना है। पर गोगा जी का गाँव 'ददेरा' है। महरी तो वह स्थान है जो गोगा मेरी या गोगा मेंढी के नाम से प्रसिद्ध है। गोगा का गाँव नोहर तहसील में बीकानेर में है। वही गोगा मेड़ी या मेंढी है। इस मेरी या मेंढी का शुद्ध रूप 'महरी' हो सकता है। 'महल सुखाइ देउ काचुओ महरी' मरद की पाग, में महरी का अर्थ गायक ने हा मदिर बताया था जो ठीक प्रतीत होता है। मदिर अर्थात् पूजा का स्थान। यह सस्कृत 'मह' शब्द से बना है। (H. H. Wilson) विलसन महोदय ने अपने कोष में लिखा है : मह–r. 1st and 10th cls. (महति महयति) To revere, to worship, to adore (ह) मह m (–हः) 1. A festival, 2. Light, Lustre, 3. A buffalo 4. Sacrifice oblation. f. (हा) 1. A Cow. 2. A plant 'मह' धातु के जितने भी अर्थ ऊपर बताये गये हैं प्राय. 'गोगा महरी' स्थान पर सभी का समावेश मिलता है। यह पूजा का स्थान है। मेला लगता है, बलि से सबध है, गोगा और गोगानो का 'गाय' से संबध है, पशुओं का मेला लगता है, जिनमें गाय का बाहुल्य होता है। गोरखनाथ की समाधि भी गोरख मेढी, गोरख मेंडी, गोरख मढी कही जाती है जो 'महरी' का ही रूपान्तर है।

४. चोर

५. पाग

कहा सुकाइदें काचुग्रो, कहाँ मरद तेरी पाग
महल सुखाइ देउ काचुग्रो महरी[1] मरद की पाग
जाहर के बाजार में सौनों गढ़ै सुनार
घोड़ें कू गढला चाबुका, रानी सिरियल कौ सिंगार
जाहर की गैल में स्यापु लहरिया लेइ[1]
पापी चेला डसि लए दाता ऐ दर्सन देइ।
राना है
सोवैं नाग जगैं नगिनिया, तू बालक कित आयौ
नागिनि नाग जगाइ दै अपनो मैं बाइ जांचन आयौ
मारयौ टोल गेंद गई दह में, गेंद के संग ई धायौ।
मारी फुसकार स्याप भयौ कारौ, गोरे ते है गयौ कारौ।
ठाडी जसोदा अर्ज करै मेरौ नागु छोडिदै कारौ।[2]
'मानसी गंगा राजा मान' नें खुदाई
जाके बीच में गिरवर धार्यौ

---

६. मन्दिर

१ जाहरपीर और गुरु गुग्गा को एक माना जाता है, टैम्पल महोदय नें 'दी लीजैण्डस ग्राव पंजाब' में सख्या (६) के आरम्भ में लिखा है, *गुग्गा की समस्त* कहानी महान् अन्धकार में पडी हुई है, आजकल वह प्रधान मुसलमान फकीरो में है अथवा सब प्रकार की नीच जातिया का पूजा पात्र है और जाहरपीर के नाम से भी विख्यात है। श्री जगदीशसिंह गहलौत ने लिखा है गोगा जी.. यह जिला हरियाना के गाँव महरी के चौहान राजपूत थे। स० १३५३ में दिल्ली के बादशाह द्वितीय के सेनापति अबुबक्र से युद्ध कर ये वीर गति को प्राप्त हुए। हिन्दू इन्हें देवता तुल्य मानकर भादो वदी ६ को इनकी जयंती मनाते हैं। मुसलमान इन्हें जाहरपीर के उपनाम से पूजते हैं।

२ बंगाल में पट-गीतों में से एक गीत का अश यह है

कालीदहेर कूले छिल केलि कदम्बेर गाछ
ताते, चड़े कृष्णचन्द्र दिये छिलेन झाँप।
कालोनाग आज आहार बले सकले घेरिल
नागवती दुइटी कन्या उपस्थित हइल।
नागेर माथाय पग दिये, देखूना, ठाकुर नाचित लागिल।

"बाङ्लार लोक साहित्य पृ० १५४"

इस से यह अनुमान किया जा सकता है कि जाहर के गीत में कृष्ण का यह वर्णन पटवा के पुराने अभ्यास के कारण आ गया है। पहले ये कृष्णचन्द्र के पट दिखाते होंगे, बाद में जाहर का दिखाने लगे। और पुराने कृष्ण गीत का अश स्तुति के रूप में रह गया।

सिगमरमर को बन्यो मुगरा[3] हरदम द्वारा न्यारा
―ली दह में गाय चरावै कवर ओढ़े-मारा,
ा और ग्राह लड़े जल भीतर लड़त लड़त गज हारे
त की टेर द्वारिका लागी नगे ई पैरन धाए।
ा भरि सूंड रही जल ऊपर जब हरि नाम पुकारे
ाविन्दो हरि आप बनायौ.
कसे एक लगैं बिसकरमा रोजु एक नाइ आयौ
लनी के बेर सुदामा के तन्दुल, रुचि रुचि भोग ल
ग नायु रेती में डार्यौ नगर तमासे आयौ
वीर[4] पचो में भाई, धुर मक्के में जात लगाई
ारथरी[1] का भरथरी
अलील का बन्दे
ोगी खेलें नौऊ खड
ागू भिच्छा तारु गाम
नलख पुर्स का सुमिरू नाम
ः ताका भी भला न दे ताका भी भला
क्वी महरी वनी पीर तेरी गचकीली और कलई सेत
वारी खूट की आवैं मेदिनी कादिम[3] लैंत पीर तेरी भेंट
पूरब पच्छिम उत्तर दक्खिन धामत ऐं तोय चारो देस
नायन की मरवाई मान्ता[4] राखी लाज भेस की टेक।
मानसरोवर राजा मान की जा घर कुमरि लियो औतार
एक बरस की है गई दूजी लागनहार
दै ई बरस की रानी बाछिला जाकौ निकरयौ बाछल नाँउ
तीन बरस की रानी बाछिला चौथी में पगु धार्‌यौ ऐ
पाच बरस की रानी है गई छँई बरसु में पगु धारयौ है
सात बरस की रानी है गई, आठेंई में पगु धार्‌यौ है
नौ बरस की रानी है गई, दसई में पगु धारयौ है
ग्यारह बरस की रानी है गई, बारही में पगु धार्‌यौ है[5]

चबूतरा।
जाहर।
: धरथरी—धारानगरी।
ः. कपर।
ः. मुसलमान सेवक—(खादिम से व्युत्पन्न)
४ इस पंक्ति से विदित होता है कि जाहरपीर के कारण नाथों को मानता हुई।
५ लोक गीतों की यह शैली दृष्टव्य है। समय के व्यतीत होने का ज्ञान कराने की यह विधि मनोविज्ञान के अनुकूल है।

घर को बोल्यौ नाई बामना है।
वर ढूढ़न हम जांय हैं
पाच सुपाड़ी इक नारियल ले बिरमा झोली डारे हैं
चले चले ग्वा गए, पहुँचे बागर देस है
बैठ्यौ ई पायौ राजा उम्मद तखत पै
कहा ते आये कहाँ जाउ मुख के बचन सुनाओ है
ग्वा घर बेटी जनमी राजा मान कें
ग्वा के भेजे आए हैं
तो घर देवराय लालु है, करन सगाई आए हैं
सहर दलेला भारी राव कौ, ग्वा घर देवराय लालु है
बैठ्यौ ई पायौ राजा बगला उमरू ग्वाकौ नाम है
बुरी करी तौ हैं, नाऊ बामना, बैरीन घर करि आए काज
इकदसिया कौ माड्यौ, द्वादस निरमल कन्या कौ ब्याहु है
राजा नें लगुन लई लिखवाइ
नेगी लए बुलाइकें जानें नेगोन् दई गहाइ
तुम तौ मेरे महाराज औ तुम ते कछू न बस्याइ
नाऊ हा तौ तौ ब्वाइ देतौ मरवाइ
लै नेगी न्यातें चले पहुँचे सैर[१] दलेले जाइ
बैठ्यौ पायौ राजा उमरू तखत पै बौहौत भये खुसहाल
तौमर ने हमारी लई तौमर करत विचार
इतनी बात कही उम्मर ने जाते छमामन्त भए विरोत महाराज
इतनी बात न्यौं मति कहियो राजा तोइ जिग्र ते डारू मारि
पर्यौ कुमर कौ तेलु रहमि हरदो चढ़वाई
रोरो मधप्रटि धुरे बैठि कें कजर लगायौ
चुन्नौ नाऊ फिरै नगर में देत बुलाए
भूप चलौ ज्यौंनार पाति कू सबुई बुलाए
भूप चले ज्यौंनारि जोरि पगनि बैठारी
या के दौना पत्तरि फिरैं हाथ गगरी और पानी
लुचई, पूरी, मगद, कचौरी
बूरो, दही पाति दई गहरी।
सो ऐसी पानि दई ग्वा राजा नें सो दादा मेरे
नगर में होंति बड़ाई सो भूको न्यातें ना फिरैं।
गुरमुनी भाट बुलाइ तुरोन की जाति निकारी
ओज की याछ और दल्न किसोरा। ऊचें परवत माझी
नाजी तुरकी मजि गए बड़ा। मुरख बनात नारि में गड़ा।

---

१ शहर।

ऊट परवती सजे तुरकी ऐराकी
रथबहली सजि गई धरी हाथिन अम्बारी
कैंसोड़े के चारि नगर परिकम्मा दीनो
लसकर फिरै नकीब देर काए कूं कीनो
सो उडि उडि धूरि लगी अम्मर में दादा मेरे
सो भानु गर्द में श्रटि गयौ।
म्वाते उमरू चल्यौ सुरति जानें बिरज की लगाई
नाऊ नेगी नाहिं गैल हमें कौन बताई
म्वाते राजा चलि दीयौ श्रौर मानसरोवरि आय
मानसरोवरि आइकें राजा भान कै घटाए मान
बामन राजा ते पिरोत तै मेरी कछू न बस्याइ
सो हात जोरि तेरे करूं निहोरे दादा मेरे
मेरी कछु न बस्याइ, सो सादी श्रुमरि की है गई।
नेगी लीनो बोलि भूप प्याऊ करवाई
तुम राजा के पास जाउ, नेग करवाश्रो
नेगु कछू मति लइयो, नेगु चहियतु नाँय,
बेटी की भामरि डारि कें तुम कुमरि ऐं लै जाउ
चमरा लीनो बोलि घास दानो मगवायौ
मेख दई गडवाइ।
अरे राजा ऐसी बात चौ करतु ऐं सो मेरे आए नौ लाख हजार
करी तैयारी बरैनुआ मगवाश्रो
जौ ठाकरो[1] लावें बरौनिया तौ हमारी ब्याई रुपैगी रारि
उम्मरु गयौ दहलाय पुरोत अपनौ बुलवायौ
तुम लै जाश्रो बरैनुआ महाराज।
मान राजा के मान, मति घटाश्रो, सो हम लेइ कुमरि ऐं ब्याहि।
लै बरैनुआ पिरोत गयौ राजा भयौ खुस्याल
सो जल्दी करौ भामरि तुम डारौ सो दादा मेरे
सो मैं भोर होंत बिदा म्याते करि दऊ।
दै बरैनुआँ म्वाते आयें, उम्मर नें जब बचन उचारे
कहौ महाराज राजा नें क्या बचन उचारे
पाँति फाँति की कहा चली राजा लीजौ भामरि डारि
ऐसी जगि करी तैने म्वाँई, ऐसी ज्या मिलिवे की नाहि
नाऊ दीजौ भेजि भामरिन कौ सामान मँगाश्रो
मति करौ अवार जल्दी भामरि गिरवाऊँ
सो पाँति के भरोसें तुम मति रहियौ दादा मेरे

१. ठाकुर।

नग्गर ते दिये निवारि, करम लिखी होगी सो हम भुगतिगे।
लीनो कुमरू चौक बैठार्यौ, बेदी पंडित नें रचवाई।
सखिया गाइ रहीं मंगलचार
सो मुहरी वायते जा कुमरि कें सो बैरीन घर है गौ काज।
रोसमन्त है गयौ मान नें बादर फारे
सखिया देति विरहैन
मोसों राजा कैसें जीवैंगौ बैरीन घर कर दौ काजु।
भामरि दीनी गेरि खुसी भयौ उम्मरु राजा।
बेटी चहियत नाइ।
बेटी ऐ तुम अपने घर राखौ अपने लाला कौ करि लूगो दूसरौ ब्याहु
हाथ जोरि मान भयौ ठाडौ
तुम बेटी लैं जाउ दमाद हमारौ दिवला ई लागै
तीज सनूने की तौ कहा चलौ मेरें नित आऔ नित जाउ
बेटी तौ मेरी बहुत ऐ प्यारी, दमाद के लुगौ आदर भाव
पौफाटी पिअरा भयौ, भयौ ऐ सकारौ हा।
रानी वाछलि तपत रसोई है हा
जा मेरी बादी जा मेरी बादी राजै बोलिला
अरे सिरकार क मेरी हा
बिरम लकुट लई हात में राजा ऐ बोलन जाइ
सार खिनते सारिया राजा तोइ कैसी सार सुहाइ
महल बुलाए डोला पदमिनी राजा जी चलौ राउ जी हमारे साथ।
सार कड़ाई लई, तैं करी, फासे धरतु सम्हारि
गल माला रुदराछ जी राजा मुख ते राम जपाइ
आमतें देखे बालमा, रानी पलिका देति नवाइ
राजा कू तौ पलिका नवायौ
ढिंग बैठि गई मूढ़ा डारि
मोरछलीन कौ बीजना, रानी राजा कौ डारति ब्यारि
ठंडे पानी गरमु धरावै जल सियरे लैंति समोइ
चदन चौकी डारि कैं रानी राजा ऐ उमटि न्हवावैं।
पीताम्बर करी धोवती राजा सूरज ध्यान लगावैं
हुलसे[1] पै चदनु घिस्यौ राजा नरसींगी खौरि चढ़ावैं
सवा पहर सुमिरिन करयौ राजा जौनू डेढ़ पहर दिन आवैं
न्हायौ धोयौ सापरेराजा शुचि चौका में आये
काए के थार में भोजन परोसे रानी काए कटोरा में दूध
सोने के थार में भोजन परोसे राजा चाँदी कटोरा दूध
पहलौ गिरास धरतीं धर्‌यौ राजा दूजौ गाइ गिरासु

---

१. चकरिया।

सीजौनौर मुख में दीयौ राजा जाके गिरी नैन ते धार ऐं
जौरें ठाड़ी गोरें गगा भमानी पूछै राजा से बात ऐ
कै बलमा मेरे भोजन बिगरे सालो परी ऐ सिवार ऐं
कै वाऊ वैरी नें बोल बोले राजा, कै वाऊ ने श्राय दावी सीम ।
कै तेरौ घोडा हट्यौ कै रन लोटी तरवारि
ना चातुर तेरे भोजन बिगरे ना सालो परी ए सिवार
ना काऊ नें बोल बोले रानी ना काऊ नें दावी सीमऐं
ना चातुरि मेरौ घोड़ा हट्यौ ना लौंटी तरवारि
अन्न बिछना जग बग सूना, वस्तर सूनी माया ।
[हे रानी यह लाख खानू है
तोपन पै तोरा, यह के गीत, मगल चार कौन कै गवि रहे ऐं
'आपकी वस्ती में एक साहूकार ऐ श्रीमहाराज उसके नाती पैदा भयौ ऐ, हुब्ब के गीत उसके गवि रहे हैं, रानी धन्नि हमारी परालबदि ता दिना ब्याहि कै लाये ऐसी मौज कबऊँ न भयो] ।
नीम दैकै जनमु जाहरपीर कौ होइ
पन सारदा सुनै बोलो वागर के बीर की मदद ।
काऊ कै पुन्न परताप ते सभा जुरी श्राय
श्रापु नई उठि जाइयै गाय बजाय रिझाय
खरिया श्रोढि बुलाए राजा नें गोला कौ दह्यो लगाय
साडीमान बुलाए राजा नें कासी कू दऐ खदाइ
कासी सहर ते बिरमा बुलाइ लए कथा दई बैठाय
देस देस के पडित श्राये कथा रहे वे बाचि
बिरमा बाचै बेद कू राजा ऐ गाय सुनावे
एकु बिरामनु ज्यौं उठि बोल्यौ सुनि राजा मेरी बात ऐ
बेटा कौ तौ कहा चली राजा करमन में तौ बेटी नाऐं
इतनी बात सुनी राजा ने मारयौ गादी तैं हातु ऐं
जमदर काढि म्यान ते लीयौ हियरा कू लायौ राजा हात ं
काए कू जननी मैं तैं जन्यौ विसु दै डारयौ न मारि
ए बिरामनु ज्यौं उठि बोल्यौ सुनि राजा मेरी बातऐ

वार्ता—

काऊ के परताप तैं सभा जुरी श्राय
श्रापु ईं उठि जाइये गाय बजाय रिझाय
खरिया श्रोढि बुलाए राजा नें गोला कौ दह्यौ लगायौ
खोदत खोदत गए पाताले जाकौ श्रमिरत पानी पायौ ।
बेलदार राजा नें बुलवाए बागन की रौस डराई
घुर काबुल ते पौधि मगाई, धरवायौ लखेरा बागु ।
बाग बीच एक बारहद्वारी, फूला माली कीयौ रखवारौ ।

गरमी की मेवा फालसे लगाये राजा जाडे की मेंवा दाख ऐं
श्रामरे श्रामनि जामिन जम्हीरो फरोसौ कलन्दरी गहर सू गमीरी
सँतूत ताला किन्नौदे न बरनी आसले फालसे बहुत जामें खिरनी
नए नारियल दाख वारी चिरौंजी कजा जु रीठा कैतोर पान हो लगत बहुत मीठा
लगति बैरि मीठो नौज गोजा
सेंजनो कचनार सीसो नवोजा
रही वास महकाय चन्दन चमेली
सुतगुरू गुलीन गुलीन मुलगा
नौरग चमेली खूब रगा
कमल लैन रट्टी दौना जु मरुश्रो मिर्च लाल खडी
खैरा जू धौपरी गुलकज तोरा
सूरजमुखी फिरति नारि मोरा
लौंग रे इलायची की सदै क्यारी
झुके मद चरैं जाय वारी
कीरडि करीला छए वास गूबर
रैंमजा छौकरा धौन धौरी
हीसिया पीलुश्रा फेरि मोरी
हीसिया हसँडा वारि के बीस गगा
परी पापरी सँगर सिहोरे हवासिनि इतेक रूख जोरे
श्रलू श्ररलू पसेदू कदम कुड विराजैं
माधुरी लतान ज्या सवन मैं विराजैं
ज्या साल तेंदू
नपट नाग दोंनी
कामिन्न घनमिन्न मौदी
रौसन ववूरा सदारम सर्दै
हुसायन बकायन बडी वेलि पाई
घरि बेलि गुलम घरि जोरि महुश्रा रायन लभेडो गोंदी न गहश्रा
जावुमर श्राड वाडू करोदा न करेरे
खट्टा जु मिट्ठा निवुश्रा चनेरे
देखे वादाम देखे जो श्रगूरा
कीरारि वडोला छए वास वारी
केतकी न वेला केवडो नवीला
कैतन के पेड लगे जा वासो न छौरा
खन्नारि के पेड देखे वहुत ई मलूक जामें वामनी के पेड बहुत ई वीला
रामन जमामन कर के पौधा
रमासिनि भाई या नीलनाई पाई
वडे बडे पेड ज्या पीपर के भाई

नीव की निबोरी लगी, अम्मारतीन पे फूल झरे
वनकाट की लकडी रौस पै ठाडी ऐ
फेरि आए फुलवारी की बहाल तौ देखि रहे
मरूए की छबि न्यारी है
मरूए की छबि न्यारी गोल वे नीचें ढारो ए ।
मोरछली के पेड राजानें फुलवारी के बीच धरे
गुमटी दुरटा की भारी ऐ ।
एकु पेड पसेंदू को आयौ छबि जाकी न्यारी
ढरवारि भाइ जाइ, बेला कौ तमासौ एक फुलवारी न्यारी ऐ
फूलन के हजार देसे फुलवारी एक
हजारा गेंदा कौ भारी ऐ ।
खसबोई तौ आमति न्यारी न्यारी
झूटी साखि बमूर ने डारी ऐ
भौतु तौ सुहामनो फूल एकु देख्यौ
गोरखमुडी एक खेतन में न्यारी ऐ
अरे जारे माली के एक गोरख मुडी न लाए
सेंति मैंति की एक किसानू फुलवारी ऐ

वार्ता—

वास की डाली केरा के पत्ता फूल लए फल चारि
लै डाली म्हातें चल्यौ राजा की कचहरी आया
डाली धरी उतारि मालीने नवि नवि क मुजरा कीया
मैं तोइ पूछूं हीरामनि माली मेवा कहाते लाया
जो राजा तुमनें बाग लगायो मेवा राम बाग तें लाया
खुसी भयौ रे देसापति राजा माली कू दैतु इनामु ऐं
चढनौ तौ जानें घोडा दीयौ, उडनो बाजु ऐ

वार्ता—

जादिन बागु ब्याहिबे कू आमें तेरी राजी करि आमें
फूला माली बिदा करि दीयौ फुलवारी डाली पै आई राजा की आखें
फिरि राजा नें माली बुलवायौ बेटा वासी मेवा लायौ
अरे राजा परि सिगमरमर की बनी कचहरी पानो से बगला छाया
परि लागी भभैंक मेवा कुम्हलानी मैं फूल कालि के लाया
धनि धनि रे माली के बेटा तैंनें राख्यौ सभा में मानु ऐं
लै डाली म्हा तें चल्यौ आया बाग के बीच ऐ

वार्ता—

लै डाली मालिनि चली रानी के रावर आई
परि डाली धरो उतारि मालिनी मुरि मुरि पैरों लागी

मैं तोइ पूछू घर की मालिनि जा डाली में कहा लाई
तुमनें रानी बाग् लगायौ मेवा राम बाग ते लाई।
खुसी भई देसापति रानी मालिनि कू देति इनामु ऐ
परि दखिन का चीर, मुल्तान कौ आगों मालिनि कू देति गहाइ ऐ।
परि मुहर रूपयो से भरी छबरिया, मालिनी विदा हो आई
परि जा दिन बाग ब्याहिबे आमैं तेरी राजो करि आमैं
परि साझ भई दिन गयौ मुंदन कू राजा रावलि आयौ
लै मेवा आगें धरी जा खाइ लेउ राज कुमार ऐ
परि खाइ लेउ पीलेउ बिलसि लेउ राजा करि लेउ जिग्र को सार ऐ
करद निकारी फौलाद की फल पै धरतु जमाइ ऐ
राजा नें तो करद जमाई रानी नें पकर्यौ हातु ऐ
परि क्वारे बाग की मेवा न खागें ब्याहु करें जब खामें
होते में खायौ नाइ राजा पहर्यौ नाइ जुल्हालु ऐ
मरघट दिगें बोलना सूम उतार्यौ आइ ऐ
माया दीनी सूम कू ना बिलसै ना खाइ ऐ।
अरे राजा सरग हमारौ झौंपड़ा ज्या तौ आधा पार ऐ
जैसें बढ़ा दाइ कौ दियौ मुछौका जाइ ऐ
कलि करै सो अब्ब करि राजा कालि करै सो हाल
अरे तू कलि तौ ऐसी आवै दौऊन कौ है जाइ कालु ऐ
बोलौ बागर के पीर की मदद।
राति जगावै जोरै चिरागी
जनम सुनै व्वाकौ धरि कै कान
रिद्धि सिद्धि देता बहुतेरी कभी न आवै बिसकैं हानि
गोर्धन के माली नें धायौ वुसका बचन हुआ परमान
हीरालाल बनिया ने धायौ वुसने राजा निज कर राम
अपनो ई घोड़ा है अरे सजवाइ लै
मारू देस के हीरा हो उम्मर की हाथी सजवाइ
रानी को डोला सजवाइ, जाते बाइस्स लागें रे कहार
पाछें ते जाको बादी ऊ जाइ
दगरे दगरे जाकी फौज हरिगों, जाको लसकर झूमतु जाय
अरे बागन में राजा पहुच्यौ जाइ
बागन में जै जै ई जै जै होय
र न नें तबू दिये तौ डरकाय
जाको गडि गई पक्की मेख
राजा की खिचि गई रेसम डोरि
अरे जाते जरदी लागीं लाल कनात

राजा नें भट्टी दई खुदवाइ
जानें खाड दई गरवाइ
जानें नेगी लिए बुलवाइ
हरी हरी गिलम बिछो दरियाई, मुरबन जू ठसकत पाय
सोमा पातुरि राजा ने बुलवाई, ठनवायौ बागन में नाचु
छोटे छोटे छोरा नाचें ब्रजबासीन के चुटकीन में उडाइ रहे तान ऐ
डोला में ते रानी बोलौ करि लीजौ बाग को ब्याहु ऐ
काए काए में राजा मेरौ सींग रे मढावै
काए में खुरी मढवावै
सोने में राजा मेरौ सींग रे मढावै
रूपे में खुरी रे मढावै
अगिनि कुंड राजा नें खुदवायौ हुतिवे कू नागर पान ऐ
हुती ऐ लोग समद चंदन की और नागर पान ऐ
सुर गायन के धौल मगाये राजा ब्याँई देंतु ऐ ढरवाइ ऐ
एक झर तौ पाताल जायगी बासुकि देवता मगन है जाय
धनि धनि रे देवराय से राजा तेरे होइ बेटन औतार ऐ
एक झर तौ आगासैं जाइगी इंदुर देवता मगन है जाइ ऐ
बेटीन की तौ कहा चली राजा लाल तौ रोजु ई हुगे
अरे राजा काए काए को तौ भामरि लेगौ
काए की परिकम्मा देगौ
गोला ते भामरि लेगौ तुलसी की परिकम्मा देगौ
परि बागु ब्याहु ठाडौ भयौ राजा बिरपन कू देंतु इनामु ऐं
परि बिरपन कू तौ गैया दीनी, भाटन कडे पहिराये
डोमन कू तौ चीरा दीनें मीरासीन गाम इनाम ऐं
इक तखता में बिरामन जेमें दूजे में भैया बन्द ऐं
इक तखता में अभ्यागत जेमें चौथे में और भिकरौंडि ऐ
परि सबकू पाति जुगत ते परसौ मति करौ पाति में दुभाति ऐ
एकु एकु रुपया एकु एकु लडुआ बिरफन कू देंतु गहाइ ऐ
हुक्मु करें तौ गौरें गगा भमानी करि जाऊ बाग की सैर ऐ
एकु बिरामनु ब्यो उठि बोल्यौ मति जइयौ बाग की सैल ऐ
चारि घरी तौपै मूल की निछुत्तर मति जइयौ बाग की सैल ऐ
तुम तौ राजा नित नित आओ कब जावें राजकुमारि ऐ
अस्त्री पुरुख कौ सगु मिल्यौ ऐ जुरि मिलि कें करि लेंइ सैल ऐ
कौन के हाथ रे गडुअरा सोहै कौन के कुस की डार ऐ
रानी के हाथ गडुअरा सोहे राजा के कुस की डार ऐ
परि दिवराइ राजा हेम्ब हाकैगो झोरी बाघति राजकुमारि ऐ
परि मुहरन कौ तौ कूड लगावें मोतीन के जइया चारि ऐ

परि विरपन को कहनों नाइ मान्यो भुकि आयौ बाग के बीच ए
आगें आगें देखें तमासौ पाछें तें पतझर होइ ऐ
बोलो बागर के पीर को मदद,
नाम की खातरि रानी व्याही साहिब नें राखी बाँझि ऐ
परि नाम की खातरि बागु लगायौ मेरौ सूख्यौ लाखा बागु ऐ
परि तेगा काढि म्यान से लीयौ हियरा कू लायौ हातु ऐ
जोर ठाडी गोरैं गगा भमानी राजा को पकरति हातु ऐ
काए कू जननी तें में जन्यौ विसु दै डार्यौ न मारि
नाम की खातरि मैंने रानी ब्याही करता नें राखि दई बाँभि ऐ
नाम की खातरि मैंने बागु लगायौ, मेरौ सोऊ सूख्यौ बागु ऐ
पहलें बलमा मोइ माडारौ, फिरि करियो अपघातु ऐ
तोइ ना मारें, हम ना मरिगे, तजि जागे तेरा देस ऐ
परि दैदै पीडि जेट में रोबै दै मारैं रौंसन ते मूड ऐ।
मेरौ सूख्यौ ऐ नौलखा बागु राम तैनें कछू न करी
अरे दौना सूख्यौ मरुग्रौ सूख्यौ रायबेल चमेली
सबरे पेड नारियल सूखे सूखि गई ऐ बनराय, सूखी तौ चपे की डरी ॥ मेरौ०
अरे परि तिरिया नें मति हरी राजा रे साढू के बगला आयौ
परि आमतु देख्यौ देसापति राजा फाटिकु दयौ लगाय ऐ
परि मेरी कचहरी मति आवै राजा सौनें के खम्म दहलाइ
खम्मु गिरैं छज्जो गिरैं रुदि मरैं कचैरी को लोगु ऐ
पहलौ दोसु तोइ बो लग्यौ पतिभरता रहि गई बाझ ऐ
अरे साढू मति बोली मारैं, लाला बोली मति मारै
बिन दिन कू भूलि गयौ ऐ, रौतिक ते भाज्यौ आयौ।
अरे पामन में पन्हई नाई, तेरे सिर पै पगडी नाई।
अरे चढिवे कू घोडा नाग्रो, चढिवे कू घोडा दीयौ।
अरे तोइ ग्राधौ राजु दीयौ, अरे रहन कू महल दीनें।
अरे बरब्बरि को भैया कीयौ, अरे साढू मति बोली मारैं।
अरे बखतर कू फोरि गई ऐ, अरे पिंजर कू तोरि गई ऐ।
अरे गोनी को घाव भला ऐ।
अरे बोनी ते ससक्तु रहता, अरे गोली ते डोर रहता ॥ रे गो०
साढू मति बोली मारे
साढू मारे बोलना भए करेजा सालु ऐ
परि उलटो घोडी फेरि के राजा ग्राया महल के बीच।
घोडी पै ते ज्यों गिरैं राजा गिरहृ कबूतर न्याय
घोडी पै ते ज्यौ गिर्यौ रानी नें पकर्यौ हातु ऐ
रानी नें ता राजा पकर्यौ लै गयौ महल के बीच ऐ
अरी हम तो चले बनवास कू रानी तू जाने तेरो काम

बोलो बागर के वीर की मदद ।
बाछलि को पूत बाजर कू भूत, परचै की खातरि धाया ई ऐ
अजी हिन्दू मुसलमान दोना दीन थामें, बादशाह नहीं आया ई ऐ
गुसा भया बागर वोई राना, जब घोडा सजवाया ई ऐ
घोडा मारि गयो डिल्ली कू बास्याह जाइ जगाया ई ऐ
अजी लाल पलंग पै सोवै बास्याह पलके ते औंघा मारा ई ऐ
अजो दौरो आई बास्याई तेरी अम्मा कौं मरद सताया ई ऐ
पाच मोर और एक नारियल पीरजी को पजो उठाया ई ऐ
जब मेरो मालिकु महरि करै, सबु कुनबा जारति आया ई ऐ
महलन में राजा दवराय निरपु दुख्याइ
भली सी रानी किसिमिति में ई फलु नाइ
जोगी जती सेऐ मैंने इन पै मैंने डार्यो सुवाल
रानी और सब नथा गाथ, रानी किसिमित में तो फनु नांइ
अरे भली सी रानी०
रानी माल परगनो बहुत ऐ बैठो भूजो राजु
राजा माइ बिना कैसो माइकौ, पिय बिन कैसो सिंगार
घन बिनु नाइ घनेसुरो राजा ऋतु बिन नाइ मल्हार
महलन में रानी क्या रही ए समझाय ।
अरे सग सहली बोलि कै करि आमें गाइ बजाइ
गिया पनारे पौरि जू धनि ठाडी पकरि किवार ऐं ।
अरे बाह छडाऐं जातु ऐ निबल जानि के मोय ऐं
परि हिरदे में ते जाइगौ राजा मरद बदूगी तोय ऐं
जो तेरी मनसा जोग पै बाए कू कीयौ ब्याहु ऐ
परि नौ सै घोडी ले चड्यो बाबुल जी की पौरि ऐ
बनजारे की आगि ज्या गयो सिलगतो छोडि
अरे मेरे राजा जो तेरी मनसा जोग पै तपौ हमारे द्वार ऐं
मढी छवाइ दऊ काच की मढवाइ दऊ हीरा लाल ऐ
परि गगा मगाऊ हरद्वार की नित उठि करो असनान ऐ
भूखे तो भोजन करू हारे दाबू पाइ ऐ
ज्यो जोगु बनैं रानी क्यो बनिबे को नाइ ऐ
परि ऐसे जोग ना बनैं रहे भोग का भोग ऐ
अरे राजा साधू जन थमते भले जो मति के पूरे होइ
अरे राजा बदा पानी निरमला जो जल गहरा होइ
साधू जन थमते भले मति के पूरे हाइ
अरी रानी बदा पानो गादला बहता निरमल होइ
साधू जन रमते भले जाते दागु न लागै कोइ
अरे राजा मलखासा जामा बोरि कै किया भगम्मर भेस ऐ

अरे जाना किया भगम्मर वाना अरे रानी नादन में गेरू पुरवा
अरे अपनी चादरि मगवाई, जानें चिट्टी चादरि बोरो।
रानी माला हात गही ऐ
तुलसी की माला हात विराजै गोरख कू रही मनाइ ऐ
अजी जौजू वलमा दीसते धन ठाडी पकरि किवार ऐ
जब वलमा दीसे नई जे उलटी खाति पछारि ऐ
अरे चौपडिया के नीबरा तोइ डारू कटवाइ ऐ
परि तो तर वलमा पौढते में मिलती सौ सौ बार ऐ
राजा की लीली झुलमें थान पै पिंजरा में गगाराम ऐ
राजा नें अगला बगला वैठक छोडी और गेंदा फुलवारि ऐ
समझावें नगर के लोग मात मेरी काए कू रोवें
थोरे से जीतव के काजें चो नेनन कू खोवे
अरे टाप वे धरती ते मारें
दै दै मुह में सू डि पौरि प हाथी चिघारें
अरी मात तोइ जबर चोट लागी
तेरो राजा जोगी भयो करी जानें वनोवास त्यारी
आगें आगें दिवराय राजा पीछें राजकुमारि ऐ
एक वन नाख्यो, दोसरो, तीजे वन है गई साझ ऐ
फिरि पाछे कू देखतु ऐ राजा जि आमति राजकुमारि ऐ
गाम गैल दीखति नाइ राजा कहा करें गुजरान ऐ
गाम गैल दीसत नाइ रानी यही करे गुजरान ऐ
पात विछाओ वनफल खाओ रानी पातन में गुजरान ऐ
कहा॰रहे सौरि निहालिया कहा रहे राते पलग
कहा रहे राजा मूढा वैठना, कहा रहा राजकुमारि ऐ
घर रहे सौरि निहालिया रानी घर रहे राते पलग ऐ
घर रहे मूढा वैठने रानो घर रही राजकुमारि ऐ
ह्रा लकडो कडी जोरि कें राजा मेरे वैठी आच बराइ ऐ
अरी सोइ जा राजकुमारि अरे तेरो पहरो दूगो
अजी मैं ना सोऊ महाराज परयारो तिहारो नाइ
जब सोऊगो महाराज दुपट्टा के छोर तो गहाइ दै
हाथ की उगरिया मेरे मुट्ठे में लगाइ दे
धोंटू ऐ सिरहानें लगाइदे
सोइ गई राजकुमारि विपति की मारी
जि काए कू गैल चली ऐ
जाके पाँच चारि काटे लागे
मेरे राजाजी को हमु उडयो ऐ

रे यहर दलेले में ग्रायौ
ग्रासे के घोडा जाके फाके में बधे ऐं
नर्बुना हाथी जाकौ ब्योई घूमतु ऐ
नगर की प्रजा जाकी रोवै, ऐसौ राजा फेरि न मिलैगौ
ग्रजी कौन के हाथी कौन के घोडा ग्रपनी जानि मरदौ फाके में परी ऐ
ग्ररे भोर भयौ ऐ परभात, रानी बाछिल जागै
बोलो बागर के पीर की मदद ।
देवी सोइ गई भमन में नौरग पलग नवाई
ग्ररी नौरग पलग नवाइ
ग्राइत पाइत गेंदुवा ठाडौ बालम ढोरें ब्यारि ऐ
धूर उडी ब्रजराज की ग्रजी जिन गलियन की धूरि ऐ
ग्रजी जिन गलियन की धूरि ग्रग लागी लिपिटि नही
जम भाजे जात ऐं दूर ऐं ।

वार्ता—

ग्ररे चलि मेरे बेटा डिगरि चलौ हतिनापुर मनुग्रा ढारया
कैतौ रे गुरू गगाजी न्हवाइ दे नातौ छोडयौ जोगु ऐ
तो मैं तें गुरू जाउ न्हाइ लेंउ गोरख सी गगा
ग्ररे मैं मिलू कुटम में जाइ बाजरी बैं लु गी वगा
तम्मू मेख उखारि मेसे चेला कसना लियौ बनाइ ऐ
मजल्यौ मजल्यौ जोगी चाल्यौ मजल्यौ ऐं ग्रासन माड्यौ
ग्रासन माडि भगम्मर तान्यो बाबा बैठ्यौ जल थल पूरि ऐं
ग्रजमति के गुर तम्मू तनाऐ ग्रनहद के बाजे नाद ऐ
बिन खूटी बिन डोरि मेरे बाबा ग्रधर भगम्मर तान्या
परि सोमत जागे पाचौ पडा छठी कमता माइ ऐ
ग्ररी ए कैरी टिडोरी[1] कै बजारौ कै कौरो दल ग्राये
कै सिपाई कै रगीलो कै जरजोधन ग्रायौ
ग्ररे बेटा ना सिपाई ना रगीलो ना जरजोधन ग्रायौ
परि न टिडोरी ना बनजारो ना कौरो दल ग्राये
परि कजरी बन का गोरख जोगी[2] परमी न्हाइवे ग्रायौ
ग्ररी माता जा जोगी से बादु करूगौ मेरी सुधि नाद बजायौ
भाई जोगी जती से बादु न करना रहना दोऊ कर जोरैं
परि घुटी दवाई मुडिया जोगी जे तो ग्रपरपार ऐं
जोगी जती से वाद न करना रहना दोउ कर जोरैं
सेर चून दे पाइ पूजना जे जोगिन का बादु ऐ

---

१. टिडोरी से ग्रभिप्राय टिड्डी दल से प्रतीत होता है ।
२. गोरख नाथ को कजली बन का जोगी बताया गया है ।

७ कमर मुलक्का गल में सेली, अग भभूति लगी अलबेली
नागर पान चबाइ रह्यौ बीरा, सुघड नाथ रतनारे नैना
जाकें छोटी छोटी बावरी, जाके कथा झोरी फावरी
पाइ पदम झलकें आला, जाके गुदी परी वैजती माला
पादू पदम्म झलकें भारी, सदा नाथ को आज्ञाकारी
जापे मखमल की गूदरी, अरे सौनेउ की मूदरी
सो हीरा लाल लगे नग साचे गवा गुदरी में
सो कामरि ओढी स्याम कारी जि परभी बूझनु जातु ऐ
अरे लै पत्तुर औघरिया[1] चल्यौ
गामु नगर पूछत फिरयौ .
गगा दगरी कितमें गयौ
अरे राजन की ड्यौढ़ी पै गयौ
राजन कें परदन की रीति
तुम मति घुसौ महल के बीच
जब जाइ सुरति जोग की आई
हमकू परदा कैसौ रे भाई
सन्तनाम लै अलख जागायौ
भिच्छावारौ जाइ कहू न पायौ
तुही तुही करि बोल्यौ बानी
चोकि परी कौंता पटरानी
मोती मूगा मुक्ता लाल
भरि लाई सौने के थार
भरि लाई सौने की थारी, जे आइ भई ड्यौढीन पै ठाडी
नेंम धरम कू कौंता डरो, दे परिक्म्मा पाइन् परी
सो भूखे औ तौ भोजन जें लेउ, प्यासे औ तौ पानी पी लेउ
ए बाबा जी, रहि जाइगी नामना[2] तिहारी
सो दै जा जोगेसुर मोइ आसिरा[3]
अरी माता काकर पाथर क्या दिखलावै

---

१. औघरिया = औघड नाथ

२. नामना = यश ।

३. आसिरा—(आसिखा (पा) = आशीष, आशीर्वाद ।

मोड परभी को वखतु वतावें
एसा बात माइ ना सूझें परभी जाइ पडवनु बूझें
अरी कहा खेलें तेरे पाचौ वीर अरजुन, भीमा सहदेव भीम
सौ गचकीली कौ वन्यौ ऐ चौतरा ए वावाजी
सो गचकीली को बन्यौ ऐ चौंतरा ए वावाजी
देखि सीतल पेडु रो मल्हारी
म्या खेलें पाचौ पडवा
मालु कमता भेदु वतायौ, जब औघड पडन ढिंग आयौ
भीमसैंन भीयौ कीनौ, अब सहदेव ने दाबु दीयौ
गाडि कचैंरी पाड नादु फूकि दीयौ
अरे राजा बैठे न्याबु चुकावें, इदरु बैठे जलु बरसावै
बैठे जगल चरतो हिरनी।
हम जोगी कू बैठें ना वनें, नवैं कठ पदमिनी फिरतो, सिध गोरख जागैं
अरे बेटा उडता तीतुर उडता बाज, उडतौ जग हिबाई
हम जोगी से उडता ना बनें पाचौ जनो से टक्कर खाई, सिध गोरख जाग
अरे हम भी मरसी[४] तुम भी मरसी, मरसी कोट अठासी
बेद पढते बिरमा मरिगए, जे परी काल की फासी, सिध गोरख जागै
अरे काकौ गुरू तू काकौ चेला, कहा तो तिहारो नामु ऐ
अरे चेला गोरखनाथ को औघडिया मेरी नामु ऐ
अरे बेटा कजरी बन मेरौ स्थान, गुरू हमारे विद्यामान
हम आए तेरी परभी न्हान
तेरी कबे परेगी परभी पडा वेद की बताइ
अरे परभी पूजें सेठ साहूकार दुनिया और राजा
भैंनि भानजो न्योति जिमावें, जोरा औरू तीहरि पहरावें
जे करें गऊन के दान सौने में सींग मढ़ावें
सो सिर पैं टोपी, गाडि लगोटी, बूझन आए ए वावाजी
तुम दान गौ करोगे परमाधारी
सौ कहा गगा में तुम जी बवो
गरब की बोली जी मति मारो पडवा, वचन करोगे यादि ऐ
जा बोली को न्यानो दु गो बेटा, असलि गुरू को चेला
परि छिमा खाइ औघरिया चाल्यौ आयौ गुरून के पास ऐ
जे लें वावा झोरी पत्तुर नाइ सधै तेरौ जोगु ऐ
परि जोग नाइ जोहर भयो वावा विन खाडे सगरामु ऐ
बेटा के पडन्नें मार्यौ, छेड्यौ के पडनु दई गारी

---

४. 'मरसी' शब्द का रूप राजस्थानी मारवाडी प्रतीत होता है।

अरे बाबा ना पंडनु ने मार्यो छेड्यो ना पडनु दई गारी
अरे सवद की मार दई पडन्नें लीया करेजा काढि ऐ
बोलो बागर के पीर की मदद

८. मैं लई स्याम सरनि जमुना की तेरे चरन सिर लाग्या ध्यान
अब जोगी जती सती सन्यासी मगन होत धरि तेरा ध्यान
चार्यो पहर भजनों में रहते प्रात होत गंगा अस्नान
तीनि लोक तें वारी न्यारी मथुरा बेंदन गाई ऐ
चौबीस घाट की कहा कहूँ महिमा विच विसरांति बनाई ऐ
उज्जलि कुल चौबे गुजराती अपनो देह पुजाई ऐ
भूतेसुर कुतवाल सहर में केसवदेव ठकुराई ऐ
अलख निरंजन तेरो जस गामैं
मथुरा जी की पदम लटन में वह चली जमुना माई ऐ
अरे बेटा कैं पडन कै अगिनि लगाइ दऊ कैं कोढी करि डारौं
अगिन न देना, कोढी न करना बडा लगैं अपराधु ऐ
बडी जामैं गंगा माई की हरिलैं गंगा माइ ऐ
अरे सबरे चेला अरजौ करौ लैं चीपी झोली में धरी
बुन पडवन के मारो मान, गंगाजी हरी,
अरे बेटा सब तीरथ हरि लाऔ, मान पडन के मारौ जी
लैं पत्तुर औघरिया चल्यौ, गाम नगर पूछतु फिर्यौ
गंगा दगरौ कितमें गयो अजी गाय पछारि ढूंढा पीपरो
बाबाजी ग्वा गंगा को मारगु बन्यौ
जाकी नजरि परी धाराजी करवे पै ठाडो भयो
अरे हाथ जोरि गंगा खडी
जाअत्ते दीनदयाल महरि नाय नें करी
असलि गुरू के चेला हरिलैं मोइ पत्तुर बीच
अरी हटि हटि गंगा बावरी, हाथ मेरे फावरी
जिया जन्तु घन तोमें न्याइ, कोढी न्हाइ कलकी न्हाइ
हत्यारो न्हाइ मत्यारो न्हाइ, अब नाउय न्हाइ नैनिया न्हाइ
अरे मेरे हुक्मु गुरून की नाइ, गंगाजी तामें बोल न पाइ
अरी कि माता तेरो जल पारायन नाइ, हम तेरे जल में वचऊन न्हाइ
जोगी मिर्त लोक से छूटी धार, सिवसंकर नैं ओठ्यो भार
श्रीकृष्न के चरन रही, मैं महादेव के सीस रही
मोइ करि सेवा भागीरथु लायो
अरे वे बाबा चौरे में लाइ डारो, मज लोक आइ डारी
दुनियाँ न्हाति मोम पाप की भरी

अरे ज्या पत्तुर में क्वऊ न आऊ बाबा घर घर मांगी भीक ऐ
झोरी हमारी कामधेनु, ससार हमारी वारी
अरे जल कौ छोड़या करै जुवाव, सुनि री गंगा मेरी बात।
क्या लगायौ जोगी ते बादु, तुम ऐसी लहरि वहौ पटरानी
जोगी और जोगी को तौमरा, काऊ लोक कू वहि जाइ
बैठि मगर खार के बीच, जाइ काकरी सौ खाइ
अरी माता आइजा पत्तुर, है जा पवित्तुर, गुरू करैं निस्तारा
बाबा नें पहला पत्तुर बोरा दरयाइ में पहला समद समाना
दूजा पत्तुर बोरा दरयाइ में दूजा समद समाना
तीजा पत्तुर बोरा दरयाइ में तीजा समद समाना
चौथा पत्तुर बोरा दरयाय में चौथा समद समाना
पाचा पत्तुर बोरा दरयाय में पाचा समद समाना
•छठवा पत्तुर बोरा दरयाय में छठवा समद समाना
सतवा पत्तुर बोरा दरयाय में सतवा समद समाना
सातौ समद आठई गंगा नौसै नदी नवाडा
ताल पोखरा सबुई समाइ गए पत्तुर भरि ऐ नाइ ऐ हा हा।
मूगानाय गामैं, गुरू गोरख उस्ताद कू मनावैं
सुन्दरनाथ अर्थामैं छवि महरी की न्यारी ऐ
चोआ चदन और अरगजा यामे महक भारी ऐ
भीतर परसि कें आए पीर, भीतर ऊने आए
छवि डूगरऊ की न्यारी ऐं
डूगर की छवि न्यारी, डोरी नाथ ने उतारी
डोरी तौ उतारी जाकी सोभा बरनी न्यारी ऐ
ऐरापति हाती सजवाए लख चौरासी घट लगाए
नकुल कुमर हौदा बैठारे।
गतु, प्राकृत. मं. न्द्र्मति. लिखी. गैतो.
चलौ रे बेटा परभी सौमोती परौ
गैयन के से छूटे झुड रीते पाए रायाकुड
ददवल कुड, सकल बल तीरय गंगा में जलु नाएँ
हम परभी काए में न्हामैं।
बारू रेत के जमि रहे खासे
सैनै बेद सहदेव वाँचैं
माइ कमता पूछौ एक पोथी वा पै धरी
माता बाचि रही अमलोक, कैं गंगाजी भई अलोप
कैं सिवसकर सग गई
मोइ क्वाई की भरमु समानौ, गंगाजी मेरी क्वाई नें हरी
अरी माता सबरी पौहमि पै ढूढि ढूढ़ि मारू मेरी गंगा कहा लैं जायगी

अरे गगा में जलु नाएँ मेरे बेटा समद करौ असनान ऐं
गगा ते चलें समद पै आए समदुर में जलु हुतु नाएँ
समदर में जल नाएँ मेरे बेटा कूआ करौ असनान ऐं
समद चले गोला पै आए, गोला में जलु न पायौ
अरी गोला में जलु नाएँ मेरी माता कहा करें असनान ऐं
गोला में जलु नाएँ मेरे बेटा महल करौ असनान ऐं
गोला चले महल में आए, महलनु में जलु नाएँ
नेंक टिकौ मेरे अर्जुन बेटा, ठाकुर पूजा जाऊ
चली चली मदिर में आई, जल की घडिया पाई।
परि मन चगा कठौटी में गगा, परभी लई ऐं साधि ऐं,
राजाबाबू उगरी कू बोरें वहुतेरे म्वन लोटें।
अरे बेटा के बारी के बैंगन तोरे कै पनवारी के पान ऐं
कै तौ प्यासी गाय हटाई कै नौने बामन ललकारे
कै कोई जोगी कै कोई जगम कै कोई सिद्ध सतायौ
अरी माता ना बारी कै बैंगन तोरे ना पनवारी के पान ऐं
ना तौ प्यासी गाय हटाई ना बामन ललकारे
ना कोई जोगी न कोई जगम ना कोई सिद्ध सतायौ
परि मूरगा सौ एक जोगना परभी बूझन आयौ
परि परभी नाई बताई मेरी माता त्योई दियौ वहकाय ऐं
परि जानि गई पहिचानि गई वे आइ गए गोरखनाथ ऐ
व्याकौ रे औघरिया चेला हरि लै गयौ गगा माइ ऐ
गगा ढूढन निकरे हा, कौंती के पाचो हा।
मटक्त विकट उजार है हा।
अजी कघा गजा भीम ने धरी, माइ कमता सग लई
जे गगा ढूढन चले, कै पडा परवत पै चढे
अजी आमत देखें पाचौ पडा, पारवती म्वा घोटें मग
जै पडन देखि हसे, कि बाबा गुफा में घसे,

भीम— अरे जोगी अब कहा जातु ऐ बदन दुराई
तू दै जा मेरी गगा माई
परबत की करि डारू छार
मेरी गगा जी हरि लाए, क्व कौ हौ दामनगीर

कुती— सरण दुमवाइ सोर में धरी, हाथ जौरि पाभन तर परी।

शिव— अरे बेटा *एक गगाजी भागीरथ लै गयौ राजा सगर कौ नाती*
राजा सगर कौ नाती बेटा दिलीप कौ, राजा
लै गगा जी न्यान चल्यौ दाने[1] नें लई ए घुटाइ ऐ

---

१. पुराण के जन्हु 'दाने' हो गये हैं।

जब दाने की जाँघ चीरी गंगा ने लीयौ परभाइ[२] ऐ

वार्ता—

गोरख— मेरे पास भभूत कौ गोला जल में दुंगो डारि ऐ
जल में दुंगो डारि पंडवा सूखौ लेउ निकारि ऐ
सूखौ लेउ निकारि मेरे बेटा घिसि घिसि ग्रग लगाऊं
सकल बरन ते कपडा उतारे कूदि परे जल बीच ऐं
परि पहलो डूबक मारी पंडवा सोने के जौ लाए
परि दूसरी डूबक मारी पंडवा चाँदी के जौ लाए
परि तीसरी डूबक मारें पडवा तांबे के जौ लाए
चौथी डूबक मारें पंडवा लोहे के जौ लाए
परि पाचई डूबक मारें पंडवा पाँडौ माटी लाए

कुंती—ग्ररे बाबा सैर दलेले की रानी बाझ, रोबति ऐ सबेरे साझ
बुन की कोखि हरी करैं बाबा तेरी जब जानू करामाति

बाछ०—ग्ररी मैना तेरे ऐ तीरथ कौ धाम, जोगी जती करें ग्रसनान
कोई पूरौ सिद्ध ग्रावै बेलौ बागर भेजि री

गो०—ग्ररी हतिनापुर की रानी, तैनें बात कहीए स्यानी
मेरे हिरदै बोच समानी
तोड़ गगा दीनी कौल की, तोड़ परी का ग्रौर की
तुम सबी कूच करौ, क बेलौ बागर कू चलौ
बोलोई बागर कौ पीर मदद ।

१०. चलि मेरे बेटा चलि मेरे बेटा
डिगरि चलौ ग्रौघरिया चेला हा
चलि मेरे बेटा डिगरि चलौ नगरी कौ लोगु दुख्याना
तम्बू मेख उखारि मेरे चेला कसना लीयौ बनाय
देसु भलो रे पच्छिम की धरती ग्रौर मिठ बोला लोगु ऐ
पानी मागे दूधु रे पिलामें देसु भलौ हरिग्राना ।
घर घर गोरी हासिलो मिरगा नैनी नारि
पानी मागें दूध रे पिग्रामें देसु भलौ हरिग्राना
देसु भलौ हरिग्राना बेटा दही दूध कौ खाना
मजी काम जाम हाकि दीए, लये ऊ कूच कीए
जाते बोलें गोरखनाथ बेटा देस कौन रे

गो०—बाबाजी चलतू भगारी, बागर छोड़ि दई पिछारी
सैर कामरू घना
भामनु करौ बनाइ, तम्बू नायको तना
हाती पीलमा साए, तम्बू टाडे करवाए

२. प्रवाह का रूप 'परभाइ' हुग्रा है

रूपि गई तम्बून की कनात, जुरि गई जोगीन की जमाति ।
जिननें ग्रासनु करयो बनाइ, कि तम्बू मौंरे पै तनो ।
धायो भूभरिया चेला, दीयो धोबिन के डेरा
धोबिन ग्रादर भाव कीयो, जानें मूढा डारि दीयो ।
जानें पढ़ि पढि सरसो मारी, नाथ की ग्रकलि गुम्म करि डारो
जानें कबरा गधा बनायौ, हाकि घूरें पै दीयौ
धायौ कानो का चेला, दीयौ घोमरि कें डेरा
घोमरि ग्रादर भाव कीयौ, जानें मूढा डारि दीयो ।
जानें पढि पढि सरसो मारी, नाथ की ग्रकलि गुम्म करि डारो
जानें बकरा करि बिरमायो, बाधि खूटा ते दीयौ ।
बेटा बस्ती बडी लम्यौ परकोटा, सबु बस्ती को एकु लपेटा
तुम छोड़ो फुड़ी पटको सोटा
तुम भाव मुमति लै ग्राग्रो चेला बेगि जाउ रे
कामरू की नारी, ग्रजी विद्यामान भारी
छोडि बरिसाल छोडो कालिका भमानो,
मेंढा ग्रौर बकरा कीए जोगीन के बालका
ग्रौघडनाथ गए तेली कें मुडा बैलु बनायौ हाकि पाटि में दीया
ग्रजी दम्मक दम्मा घानी पेलै, तेलिनि हातु सबेरौ फेरै
चुनी चोकले बेनई खाइ, ग्रजी पीना में मु ह मारें, प्याहु तैलिनिया करै
हाथु झोरी में डार्यौ, चेला सोकनाथु काढ़यौ
कर जोरि भयौ ठाडौ
मैं हुकमु नाथ पाऊ, गढ कामरू चेताऊ
गुरू ने पजौ धरि दीयौ, नीरू सोखि सबु लीयौ
दुनिया प्यास तौ मरी
जब जेहरि धरि लई सीस नारि पानी कू चली
नैनी मृगनैनी ग्रोढें प्रेम पीताम्बर मारी
ग्रागो गात न सम्हारी
चालि मधुर सी चली
जेहरि धरी उतारि नजरि नाथ की परी
गोरखनाथ धारो, विद्यामानं एं जे भारी
इननें विद्या परकासी, विद्या बाधि मनु लई
जब गधई करि कें नारि हाकि झोल में दई
कामरू देस की सबरी महरिया सबु गधई करि डारी
परि महलो रहनों पान चबानी बूढ़ू धूसि करि डारो
एक जाट नें करी लुगाई रोटीन को पेंडो देखें
बोलो बागर के पीर की मदद . .

वार्ता--

११. चलि मेरे बेटा डिगरि चलो हरिग्राने कू करो कूंचु ऐं
उखरी तम्मू ग्रौर कनात, चलि दई जोगीन की जमात
जाते बोले गोरखनाथ
बेटा हरिग्राने कू चलौ
मजल्यौ मजल्यौ जोगी चाल्यौ मजल्यौ पै ग्रासन माड्यौ
ग्रासनु मांडि भगम्मरू तान्यौ बैठ्यौ जलु थलु पूरि ऐ
हरिग्राने की सीम में बाबा नें बजाइ दयौ नाउ ऐं
हरिग्राने की रानी बोली, जे ग्राइ गए भौलानाथ ऐं
ग्ररे जा मेरे बेटा डिगरि चलौ दूध के भोजन लाइदें
ग्रन्न के भोजन ना मैं जेऊ बेटा दूध के भोजन लाइदें
ग्रजी लै पत्तुर ग्रौघरिया चल्यौ
ग्रोघड करी नाद में घोर, जब चौंकें जगल के मोर
हाजुर ऐ सौ भेजि माता
बाबा दूधाहारी ऐ
ग्रन्न के भोजन नाइ लेइ माता बाबा दूधाधारी
कै तो माता दूध री पिलाइ दै ना तौ ग्रोटि सरापु ऐ
नाद में नाएँ, गोद में नाएँ दूध कहा ते लाऊं
पार के नाएँ परौसी कै नाएँ दूध कहाँ ते लाऊ
गाम में नाँएँ परगने में नाए मै दूध कहा ते लाऊं
ग्ररी कै तौ माता दूध री पिलाइदै ना तौ ग्रोटि सरापु ऐ
ग्ररे न्हाइ धोइ कुमरि चौकी भई ठाडी, सुरति करताते लगाइ लई
बाबाजी मेरे ख्याल परया ऐ
बेटा जसरत के उदई के नाती, मेरी तुमई ते डोरि लगी ऐ
जाकी छूटी कुचा ते धार धार पत्तुर में ग्राइ गई
जानें पत्तुर भरयौ ऐ भकोरि दुग्रा मेरे गुरू की ग्राइ गई
ग्ररे क्या तुम देऊ भोलानाथ कहा मेरें हतु नाएँ
ग्रजी जे तुमनें माग्यौ नाथ दूध मेरें हतु नाएँ
ग्ररी माता नौ कोठी मारवाड में
छप्पन कोट हरिग्रानो
बारह पालि मेवाति ऐ
ग्रन्न घाल परि जाय
पानी के जवाल परि जाइ
परि दूध घनेरा होइगा
बोलो बागर ई पीर की मदद ।

१२. किए कूच पै कूच सग सरू चेला लै लीये
राजा उम्मर के बाग माय ने डेरा दै दीये

सूखे बाग में मति रहै बाबा काऊ हरियल में चलि रहना
सूखौ से तौ हर्‌यौ है जाइगौ ग्राज बाग गुजरान ऐ
नगरी ते कूरौ बटोरिला बेटा जामें दै दै ग्रागि ऐ
धूनी दई धूम्रा घुमडानौ मौर रही बनराय ऐ
परि हरी डारि पै हरियल बोल्यौ मुनिया लाल झिगारे
परि लालामी धौपरिया मार्‌यौ गिर्‌यौ छोडिगौ बेला
ग्ररे बाबा गलगलौ बोलि गलगला बोल्यौ
स्यापु झिगार्‌यौ कलजुग की बिलैया बोली
मू सौ ढूकतु ग्रायौ
परि सुपरभात करन कौ ऐ पहरौ नगर तमासे ग्रायौ
परि धनि धनि रे कलि गोरख जोगी हर्‌यौ कियौ तैनें बागु ऐ
ग्ररे बेटा मूक प्यास की काई नाइ बूझै दडौतन के ढेर ऐं
ग्ररे प्यास लग्यौ ग्रोघडिया चेला घूटक पानी प्याइ दै
परि बाबा जौरें बाग में गोला हो तौ बागु सूखि चौं जातौ
ग्ररे बेटा जा राजा नें बागु लगायौ पहलें खुदायौ होगौ कूग्रा।
पीर की मदद

१४. ग्ररे लै लई लामा डोरि
नाथु गोला पै ग्रायौ
कूग्रा पै जी पाए चौकीदार ग्ररे तौ जलु जहर बतायौ
जल मत पीवै नाथ ग्ररे पीयत मरि जाइगौ
राजा नें रखबारी बैठारे
मारें दहसति के मारे
मैंने जी ढूढ़े तीना लोक जहर मोइ कहू नाइ पायौ
मैं ग्राइ गयौ बागर देस जहर कूग्रा में पाइगयौ
चेला के जी मन में पाप नाथ की टोपी लु गौ
लगोटी लु गौ
बाबाजी कौ चकमक बटुग्रा लु गो
पाइ खडाऊ हातीदात की बैजतो माला लु गौ
बाबा की लोहुरी सुमिरिनी हात की ऐ लै लुगौ
मुगेरी मोटा लै लुगौ
जावौ कोतल घोडा लुगौ
सबरौ लउ ग्रसबाब नाथ कू टोवि लकडिया दुगौ
इतनौ पापु बिचारि नाथ नें तौमा फास्यौ
तौमा दोया फांसि नाथ ऐ जलु नाइ पायौ
देखे बावरी लाल नाथ गहभरि कैं रोयौ
राजा कौ मोह दोमु दाम ग्रपने करमन कौ
जो दुग लिगौ ऐ लिलार नाथ सोई भुक्‌त्यौ चहियें

मन में बड़ौ घबड़ानौं
अरे आयौ गुरू जी कौ नाम् गोला तौ मुंहड़े जूं उमग्यौ
पानी पाछे भमारियौ, मरूए ते लाग्यौ
अरे ड़ोड़ा चलि बाज्यौ फुलवारी में लाग्यौ
अरे तौमां भर्यौ ऐ भकोरि नाथ के आसन आइ गयौ
अजी तौमा धर्यौ ऐ अगार सरकि पीछें भयौ ठाड़ौ
बरकिगे भोलानाथ चेला तौ मेरौ कहां गयौ ऐ
बाबाजी मैं पाछें ठाड़ौ ·
अरे बेटा नेंक आगें आइजा, कुल्ला करवाइजा
अरे नेंक थोरौ सौ पीलै पानी
पानी के बदा जौरें न जाइगौ
बाबा सुनि आयौ मैं पानी कौ बतायौ
जहर ऐ पानी, पीऐ ते है जाउगे नाथ गुरमानी
अरे बाबाजी पीवैं तौ पीलैं नाथ अरे नेंई लुढकाइदै
अरे नंई उल्ले तें पल्ले ऐं प्याइ दै
अजी आकनाथ ढाकनाथ पत्थरनाथ
नंई सबु चेलनें प्याइदें
पानी के जौरें न जागौ

वार्ता—

रंगी चंगी बौ भौनारी, खोटी भौंह मुलम्मे डारी ।
घिसि घिसि एडी धौवें नारि, उनके गोरख द्वार न जाइ
बाती खेंचि चूल्हि में देई. हौलें हौलें मेरी चन्दो मगरे लेइ
झंगा बिछावें सोवे नारि, पार परोसिन जौरें न जाइ
हीसतई ब्याइ छोड़ौ कठ, सोमत ई ब्याके देखौ दंत
रोमीत पीसे, सिनकित पवे, सदां दिलद्दर उनकें रहै
तिल भौरी मांमे मसौ
भौर कनफुटी लीक, भाजनों होइ तौ भाजि कंता नइ बेगि मगावै भीक ।
अरे बनि ठन औघडनाथ बस्ती में आइगयौ
मागत जी मागत नाथ पल्ली होर कूं निकरि गयौ
नाऊन के माउ
जाते कोई माई मुसना बोलें, औघड़ गलियन में डोलें
कुपटा पै पचैया, गलियन में गैरा
एक सती ज्यों बैठे राज कौ ऐं बेटा
जाके गुरू नें रंदायौ जे तौ मागि न जानें भीख
जाके घर में नारि करकसा
जाकें मारी बोली, जाई ते भैना है गयौ जोगी

गुवर पायती नारि अरे ललनाएं खिलावै
अरे पलना में झुलावै
अरे तुम कहा गये भोलानाथ अरे मोइ न बतावै
मैया री मेरी मैं मागन आयौ भीख मेरे गुरू नें खदायौ
जिम्र देखि राजकुमार क मेरो तौमा रीतो
जा नगर कौ पापी राजा रैयति लंगयौ डाँडि ऐ
राजा नें सब परजा डाडी काऊ में आसति नाएँ
अरी मोइ भीख न डारै
भलौ रे नगर, धरमातमा राजा, बाबाजी तुम अभागे डो
ऊची पौरी बक दुवारी एक दता झूमै द्वार
रानी बाछिल नगर दुहाई जब रैयति घर पावै
बुनकेंते लै आवै रे बाबा जब रैयति घर पावै
गोई ग्वेई महल बताइदै ठकुरानी नाय निवाजै तोइ
नाथ निवाजें सबु दुख भाजें
जो तुम करौ सोई तुमें छाजै
रानी बाछिल की पौरि पै औघड कौ बाज्यौ नादु ऐ
पीर की मदद ।

१४. चीर उतारि धरयौ री रानी नें सिर ते लोटा ढारयौ
एक हात ते लोटा ढारै दूजें तै मोडै पीठि ऐं
सुनिलै री रुकमा दै बादी बाबा कें डारि जा भीक ऐ
भीक लै तो भीक दैआ नही बातन में विरमाइलै
थार भरे री गजमानिक मोती थार बाधी भरी भिच्छा लाइ
लैंतु ऐ तौ तू लै वजमारे मारू ढकेला चारि ऐ
परि बादी ते बादी कही तब मन में है गई आगि ऐ
पकरि पाम चौखटि ते मारू डाढ दात जाइ टूटि ऐं ।
डाढ दाति जाइ टूटि बजमारे करि करि हलुआ खाइ ऐ
परि बादी गारी दै गई सतगुर की जीतव नाएँ
परि आगें आ मैया आगें आ तेरे लऊ हाथ की भीक ऐ
परि आगें लई बुलाइ बावनें स्वाफी दई बिछाइ ऐ
पहलौ सोटा ऐसो मारयौ गयौ हाथ ते थारू ऐं
दूजो सोटा ऐसौ मारयौ भयौ चुरीनु कौ ढेरु ऐ
तीजो सोटा ऐसौ मारयौ डारयौ कनफटी फोरि ऐ
डारि फोरिया निबिरि गया जब बग करि बस करि होइ ऐ
परि आपनु रानी न्हवन सजोवै जोगीन पै पिटवावै
बे बाबा ते घर घर डोलें वे काऊ ना मारें
तुम बाबा ते कुबचन बोली बाबा नें सजा लगाई
परि खाल कढाऊ तेरी, भुस भरिवाइ दऊ बाबाजी ऐ लाइ दै बोलि ऐ

भरे रानी जहा भेजें म्वा जाऊं मेरी रानी बाबा मांऊ थेब न जाऊंगी
परि भकर भकर वाकी आखि वरें सोटन की मार लगावें
भरी महल चढ़ी तोइ बोलें कमंता सुनि बाबाजी बात ऐ
पीर की मदद ।

१५. पतिभरता के द्वार नाथ नें नादु बजाइ दयौ
थार भरे गजमानिक मोती रानी भिच्छा लावें
लीजौ रे परदेसी बाबा जोगी आस्या लागी तेरी
तेरे हात की भिच्छा न लगौ माता बालातन की बांझ ऐ
बांदी आई मेरी मारि कें बिडारी मोइ का ऐबु लगावें
नांती हमारे पलना में झूलें बाबा बेटा गए रे सिकार ऐ
पांच चारि तौ घर आगन खेलें द्वै भेंसिन पै ग्वार ऐ
जो मैंया तेरें लालु घनेरे एक फलु माग्यौ देना
तीरथ बरत करावे बहुतेरे तेरा हूँ तोइ मिलायें
सुनियों री मेरी पार री परौसिन जा बाबा के बोल ऐं
में आई बाबा पै मागन बाबा बेटा मागौ
तुम रे गुरू मेंने सेए घनेरे पूरी मेरी काऊनें न पारी
हा जो सेओ जो निगुरो सेओ सतगुरू भेंट्यो नाइ ऐ
जाइ नाइ सेवें माता मेरे गुरू ऐ हरयौ री कीयौ तेरौ बागु ऐ
नामु सुन्यौ रे जाने हरे रे बाग कौ सीतल भयौ रे सरीरू ऐ
कौन गुरू रे तुम का के चेला कहा तिहारौ नामु ऐ
चेला गोरखनाथ की ओघडिया मेरो नामु ऐ
नामु सुन्यों गोरख जोगी कौ जाकौ सीतल भयौ सरीरू ऐ
हा बाबाजो बैठि जा गुरू कह देउ मन की बात ऐ
चारि घरी रे बातन बिरमायौ तौजू भोजन है गए त्यार ऐ
आ बाला जी बैठिजा गुरू बैठि कें देउ जिमाइ ऐ
लै पत्तुर आगें धरयो जाइ भरि दे राजकुमारि ऐ
दावि भरूं तेरौ पत्तुर फुटें वहि में भोजन छीजें
छोटौ पत्तुर मुकति घनेरी कहौ नाथ क्या कीजें
सैंज ई लैंन सहन ई देना सहज करो ठकुरानी
सहज ई सहज करौ ठकुरानी पत्तुर सब कौ करें सम्याई
भरे बाबा बारह भेंगी पकमान समाइ गए दस बूरे के माट ऐ
परि सोलह कलस जामें घी के समाइगए पत्तुर भरिऐ नाइ
उभकि उभकि पति भरता देखें भरें न रीतौ होइ ऐ
पत्तुर पूजि घतरू पूजि कालकंट भाजें दूरि
जा भंडार तें आवें सदा भरपूर

धतरदास करने की बानी
क्या करने कू क्या करें

रीते मंदिर फेरि भी भरें
जो बाबा महरि करें ।
आगें आगें औघड चेला जाके पीछें राजकुमारि ऐ
जबई बाग किनारे आई सतगुर की खुलि गई तारी
में बावरिया नगर खदायौ बेटा घरबारौ बनि आयौ
कैरे ठगी तैंनें गाई माई कैरेठग्यौ घरबारौ
नाइ ठगी गाई माई नाइ ठग्यौ घर बारौ
सवा लाख बागर को रानी सेवा करन तेरी आई
सेवा करन तेरी आई लटघारी बाबा भाजन मौतिक लाई
जा मैया पै सेवा न होइगी बेटा जा धरू राजु रिस्याइ ऐ
जोगी नाव परी मझधार पार मोइ करजा रे जोगी
नामना बाबा रहि जाइगो तेरी
मो घर कोई न रिझाइ पिया परदेस गयौ मेरौ
आसरौ बाबा आइकें लियौ ऐ तेरौ
परि जें कंचन सी देह खाक में लगाइ लऊ तन में
सेवा की बाबा लागि रही मन में ।
अरी माता तिहारौ तौ रहनो महरौ मन्दिर न्या जगल कौ बासा
अरे बाबा तुम तौ रहियो महरो मन्दिर में न्याई करू गुजरान ऐ
अरी माता तिहारौ तौ खानो पानु मिठाई, हमारौ आक धतूरौ
अरे बाबा तुम तौ खइया पानु मिठाई आक धतूरौ खाऊ
परि दाब[1] काटि करि लीयौ बिछौना आसन लेंति बनाइ ऐ
परि चौदहसौ धूनी रोजु लगावैं चौदह सैंनु डारि डारि आवैं
परि मूंड छबरिया हात बुहरिया बेसन के पग झारें
परि एक हात ते सूआ पढावैं दाए ते ढौरति ब्यारि ऐ
परि सूआ पढामति गनिका तरि गई बाछलि तिरि गई गोरख ते
चारि महीना पडे जडकारे जाडेन के जमि गए पारे
चारि महीना परी घौपरी रमि गयौ बोलन हारौ
परि बोलन हारौ रमि गयौ माटी रही निघान ऐ
पच्छिम दिसा की आंधी आई बाछिल की बध्यौ मटूला
चारि महीना घोरि घोरि बरस्यौ ऊपर घागु हरियानी
कानो में पछी अडा धरि गए मिकुला है उडि जाना
परि बाछलि बमई है गई मरप रहे लिपटाइ
बारह वर्ष में तीनि दिन बाकी जागे गोरखनाथ ऐ
परि मुनितें रे औघडिया चेला वो माई कहां गई ऐ
परि कुड जराइ दई आगि खबरि मोइ नाइ रही ऐ

---

[1] दाब—दाभ, दूर्वा ।

परि जोगी उठियो लहराइ हात लई पावरी
सीसु बचायौ नाथ पिंजरा झारि डारयौ
परि सिर पै धरि दीयौ हातु भमानी करि डारी ऐं
तू अपने घर जाउ तपस्या पूरन भई
मैं सोइ गई भोलानाथ तपस्या नाइ भई
अरी ऐसे भोजन लाउ व्वा दिन लाई री
हुक्म देउ तौ जाउ वे हुकमे ना जाइबे की।
अज्ञा मागि भोरी माइ महल पग धारै
पीर की मदद।

१६　सब पीरो में पीर औलिया जाहरपीर दिमाना है
दोनो जोरुआ मारि गिराए कीया राज अमाना ऐं
डिल्ली के आलमसाह बादसाइ विदरशाह बनाई ऐं
हेम सहाय ने कलस चढाए, दुनिया झारत[1] आई ऐं
मकुवा हाती जरद अम्बारी जिही तुमारे काम का
अबहीं बारह मास पठावे। दीन एक म म लोर करावे[3]।

दोहा— तोर[4] कहा जो ठेलउ[5]। सतु राषा करतार।
रहि[6] म मीत लोरक सिवा। जसु प्रगटया ससार।

सोरठा— पाप पुन दाइ बीज। जो बीजै[7] सो ऊपजै।
साधनु जैसा बीज। तैसा आगे फलु[8] मिलै।

मालिनि[10] तब मालिनि हकराई।
धारि झौंटे कुटिनी ललराई।
मूड मुडाइ सिर[11] बाल बधाए।
कार[11] पिया सिर टीका लाए।
गदहि[11] बैसाइ तबहि मुकराई।
हाट हाट सहु नगर फिराई।
जो जस[14] करै सु तैसा पावै।
इन बातनि करि[15] माप न आवै।
नागर[16] बेल कसतूरी पान।
को दो बैस क लु नीपज हि धान।

दोहा— सतु मैना का साधनी[17]। किछ राषा करतार।
भई[18] पिरति लोरक सतु। कुटिनी के मुष छार।

(इति श्री मैनासतु समाप्त)

---

१ रोकउ, २ नेकरमनकस स्याद खटाइ
३ अब ए बारह मास तुलानै दिन इक आए कूक हैरानै
४ गोरख पुरी पामरम आये, अवधि कै विरह हियै तव साये।। नं० २ में अधिक है।
५. तेरा, ६ पेल कै, ७ प्रीति रही लोरक सौं, सौकत करै ससार।।
इसके आगे यह चौपाई अधिक है।
मो घरि आए लोरकु राने, फिरि मास रितु आइ बुलाने।
अब हौं होऊ लोरक घर रानी, सौतिन पास भराऊ पानी।
८ बोवै सोई लुनै, ९ हालारै।
१०. मैना मालिनी नियर बुलाई, धरि झौंटा कुटिनी निहुराई।
११. केसे दुर दीनें, १२ कारे पोरे मुख टीका कीन्हे, १३. गदह पलानिकै आनि चडाई १४ जैसा, १५ का अनखुन आवै,
१६. आगे दीये जो ओर हवाना, को दा बए कि लुनी पै धाना।
१७ साधन,
१८ कुटिनी देस निकारि, कीन्ही गगा के पार।।

नलदमन

[कवि सूरदास कृत]

संपादक--श्री वासुदेवशरण अग्रवाल

कवि सूरदास कृत 'नलदमन' काव्य

[श्री वासुदेव शरण अग्रवाल, काशी विश्वविद्यालय]

ये कवि सूरदास सुप्रसिद्ध हिन्दी कवि सूरदास से भिन्न हैं। इन्होंने हिजरी सन् १०६८ अर्थात् संवत् १७१४ (ई० सन् १६५७) में 'नलदमन' काव्य लिखना आरम्भ किया। इनके पिता का नाम गोरधनदास था। इनके पुरखों का निवास स्थान गुरदास पुर जिले का कलानौर स्थान था। वहाँ से आकर उनके पिता लखनऊ में बस गए थे। लखनऊ में ही सूरदास का जन्म हुआ।

इस कवि का पहले पहल परिचय श्री मोतीचन्द्र जी ने हिन्दी संसार को दिया था।[1] उनके लेख का आधार बम्बई संग्रहालय में सुरक्षित फारसी लिपि में लिखी हुई एक सचित्र प्रति थी। उस प्रति से उन्होंने पूरे ग्रन्थ की एक देवनगरी प्रतिलिपि कराई थी जिसकी एक टंकित प्रति नागरी प्रचारिणी सभा के पुस्तकालय में है। कितने ही स्थानों में फारसी से देवनागरी लिपि में लाया हुआ पाठ संदिग्ध है।

अभी दो वर्ष पूर्व श्री मुनि कान्तिसागर को डीग–भरतपुर की ओर हिन्दी ग्रन्थों की खोज करते हुए 'नलदमन' की एक देव नागरी प्रति प्राप्त हुई थी। उन्होंने जब वह प्रति मुझे जयपुर में दिखाई तो मैंने वह प्रति कुछ समय के लिये उधार ले ली जिससे पहली प्रति के साथ पाठ मिलाकर देख सकूं। पीछे मुनिजी ने अपनी सहज उदारता से मेरी प्रार्थना पर वह प्रति हिन्दी विद्यापीठ आगरा विश्वविद्यालय, आगरा को भेंट कर दी और पाठ संशोधन के बाद वह वहीं विद्यापीठ पुस्तकालय में सुरक्षित हो जायगी। इस प्रति में लेखन संवत् १८१५, चैत्र मास शुक्ल पक्ष तिथि १२ है। प्रति यद्यपि देवनागरी लिपि में है पर जगह-जगह पाठ मिलाने से अनुमान होता है कि फारसी लिपि में लिखी हुई किसी मूल प्रति से यह उतारी गई।

इस नई सामग्री की सहायता से नलदमन काव्य का एक पाठ तैयार किया गया है। इसमें बम्बई की फारसी प्रति की प्रतिलिपि से जो सभा में सुरक्षित है सहायता ली गई है। दोनों प्रतियों के पाठों को तुलनात्मक दृष्टि से मिलाया गया है। खेद है कि ऐसा करते समय बम्बई संग्रहालय की मूल फारसी लिपि वाली सुलिखित प्रति प्राप्त नहीं हो सकी, केवल उसकी प्रतिलिपि से ही संतोष करना पड़ा है।

ग्रन्थ में १७वीं शती के मध्य की अवधी भाषा का स्वरूप सुरक्षित है। इसलिए वह मूल्यवान् है। अतएव बम्बई के पाठ के लिये अधिक प्रतीक्षा न करके इसका एक संस्करण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। जैसा मोतीचन्द्र जी ने लिखा था 'नलदमन' की रचना हिन्दी

---

१. श्री डा० मोतीचन्द्र, कवि सूरदास कृत 'नलदमन' काव्य, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग १६–अंक २ (संवत् १९९५), पृ० १२१–१३८।

में सूफी विचारों से रंजित प्रेमाख्यानक काव्यों की भांति ही की गई थी। भाषा में पंजाबी का पुट भी है—

निस सारन मह प्रेम कहानी। पूरबदी भाषा विच आनी॥

सभा की प्रतिलिपि [संकेत स०] और मुनि कान्तिसागर जी की प्रति [संकेत मां०] से पाठ मिलाने का प्रारम्भिक कार्य श्री दौलतराम जुयाल ने किया है। अर्थ की दृष्टि से संशोधित पाठ को मैंने देख लिया है।

स्वस्ति श्रीसर्वज्ञाय नमः ॥

अथ नलदमन सूरदासकृतमारभ्यते ॥

ईश वदना

सुमिरौं[1] आदि अनादि जो कोई । आदि अंत[2] पुन एकै सोई ॥
जाहि न बरन न रूप न रेखा । अविगत गति अभेख बहु[3] भेखा ॥
सिथिल न चचल[4] बडा न छोटा । तरुन न बूढा लटा[5] न मोटा ॥
बहुत न थोरा सजा[6] न फूटा । मिला न बिछुरा जुरा न टूटा ॥
ज्यो कुछ त्यो का गाँऊ[7] नाऊ[8] । नाउ जो[9] धरै धरै तिहि[10] नाऊ ॥
नाउ इहै[11] जो कहै[12] सो नाऊँ । इही कहब[13] वर[14] रापत[15] नाऊँ ॥
नाउ धरत खिन सरगुन होई । जो निरगुन तिहि[16] नाउँ न कोई ॥
वह जो रूप वा काउन[17] कहा । बचन न चलै तहाँ थकि रहा[18] ॥
जहाँ बचन कर गवन न होई । तहाँ कौन विधि बरनै कोई ॥

दोहा— आपुन बना न[19] बनै बिना आपुन बना[20] बनाव ।
ज्यो सो[21] बना त्यो नहि[22] बना कहत[23] न बनै बनाव ॥१॥

दोहा० १—१. सुमरू (का०), २ अनत (स०), ३. तिन्ह (स०), ४. चपल (का०), ५ लघा (का०) । ६ सचा (का०) । ७ नाव (का०) । ८ बताऊँ (का०) । ९ जु (का०) । १०. तिन्ह (स०) । ११ एही (का०) । १२. कहै (स०) । १३ कहिन (का०) । १४. पर (का०) । १५. राखव (स०) । १६. तिन्ह (स०) । १७ को अन कहा (का०) । १८. रहा (का०), १९. बनान न बनै बना (स०) । २०. बना (का०) । २१. सू (का०), २२ त्योही बना (का०) । २३ कहित (का०) ।

जद्यपि ज्यो ज्यों कहा[1] न जाई। पै घट औघट रहा[2] समाई ॥
जहाँ न वह[3] सो ठौर न कोई। सकल[4] ठौर मँह एकौ[5] सोई ॥
औ[6] पुनि छेद[7] भेद[8] कछु नाही। सिमिटि[10] समाय रहा[11] सब माँही ॥[1]
ओहि जो ठाठ या कोउ न ठठा। सदा एक रस बढा न घटा ॥
ज्यों आकास समान समाना। वहों जान एही[12] उनमाना[13] ॥
पै वह चेतन यह जड़ सूना[14]। वह सजोति यह जोति बिहूना ॥
जो कुछ दिस्टि परे सो नाही। पै इहि[15] या मँह वो[16] इहि[17] माँही ॥
चर्म[18] दिस्टि सो जाइ न देखा। तौ[19] दीखे जो होई कुछ रेखा ॥
बातहि बात जाइ वह जाना। दिस्टि न आवै प्रगट[20] हेराना ॥

दोहा— देख देखत देखि जब, दिस्ट कहै[21] कछु नाहिं।
दिस्टि अगोचर अलख वह, वा नाही[22] कै माँहि ॥२॥

सब मे औ[1] सबही सो न्यारा। सब कुछ करै अकरता प्यारा ॥
तिह[2] चेतन[3] बिन कछू न होई। पै करतूत न लागै कोई ॥
मंदिर माहँ दिया ज्यों बारा। त्यो घट घट तासो उजियारा ॥
घट मह[4] करन[5] सक्त[6] सब तासो। पै वह अलग दिया ज्यो यासों[7] ॥
जैसे कवल सुरज मिलि[8] खिलै। पै याको गुन ताह न मिलै ॥
कवल खिलै कछु सुरज न खिला। औ ताकै मुख मिलै न मिला ॥
त्यों चेतन जड माह समाना। अनमिल जाइ मिला सा जाना ॥
ज्यों पानी[10] पूरे घट माहीं। दिस्टि परै ससि कै[11] परिछाहीं ॥
जल गुन जान[12] परै जब[13] हलई। चद सो अलग न हलइ न चलई ॥

दोहा— कहो[14] न जाहि बनाय कछु ता साहब के रग।
रग[15] अग सब ता मिल बनै, आपु[16] न रग[17] न अग[18] ॥३॥

दोहा २—१. कह्यो (का०)। २. रह्या (का)। ३. बाहि (का०)। ४. ठौर ठौर मैं (का०)। ५. एकै (का०)। ६. क (म०)। ७. बिन (स०)। ८. छद (स०)। ९. हद (स०)। १०. समत (स०)। ११. रह्या (का०)। १२. तिन्हही (स०), १३. अनमाना (स०), १४. सोना (स०), १५. वह (स०), १६. वह (स०), १७. या (म०), १८. चरम (स०), १९. तो (म०), २०. प्रघट (स०), २१. कहो (म०), २२. माही (का०)।
[दोहा] ३—१ औ (स०), २. तिन्ह (म०), ३. चिन्तें (स०), ४. बुद्धी (स०), ५. मै (का०), ६. कर्ण (का०), ७. शक्ति (का०), ८. वासों (का०), ९. मिल (स०), १०. पाणी (का०), ११. की (का), १२. जानि, १३. जनु। १४. कहे (का०)। १५. रङ्ग रङ्ग रङ्ग ताहि मिल (का०), १६. आप (का०)। १७. निरङ्ग (का०)। १८. नरङ्ग।

जदपि[1] आप अलिप्त अकरता। पै करता भरता औ हरता ।।
सरजनहार जगत कर सोई। अलख निरंजन और न कोई ।।
जो देखौ सब यहै बनावा। न कुछ माहि कुछ कै दिखरावा ।।
कीन्हेसि प्रथम जोत परकासू। कीन्हेसि पानी पवन[2] अकासू ।।
अगिन पौन[3] जल रज इमि साजे[4]। जिन्ह[5] सौं ए कौतुक उपराजे[6] ।।
कीन्हेसि धरती सुरग पतारा। मेरु समुन्द सूर[7] ससि तारा ।।
दिन अरु[8] रैन धूप अरु छाहा। मेघ वर्ण[9] पानी[10] जिहि[11] माहा ।।
देव मनुज दईत[12] औ प्रेता[13]। पसु पंछी जल थल जीव[14] केता ।।
तरुवर मूल[15] बेल अरु[16] बूटी। अगिन[17] सिरजना[18] गिनत[19] न टूटी ।।

दोहा—जे देखा ए खेत[20] जग, अलखन[21] बरन[22] अपार।
छिनक एक[23] महु सब किए[24], करत न लागी[25] बार ।।४।।

जहु[1] लग जीव जतु उपराजा[2]। भूख[3] सबहि कर साथहि साजा ।।१।।
आपु सवन[4] सुधि कै पहुँचावै। कीट पतगन बिसर न पावै ।।२।।
हस्ति[5] आदि दै चाटा ताई। छिन न बिसारत ऐसउ साई ।।३।।
अस अटूट कीन्हेसि भडारा। घटै न अघट अपूर अपारा ।।४।।
जो जिहि[6] जोग देइ[7] तिहि[8] सोई। ताकर दीन लेइ[9] सब कोई ।।५।।
जो कोउ गरब करै मन माही। हम[10] उपराज[11] दरब तब खाही ।।६।।
गरब[12] माझ का दरब कमावा[13]। तहा कौन उद्यम करि[14] खावा ।।७।।
पसु पछो जो बसै बन माहा[15]। केतक अरथ दरब तिन्ह पाहां[16] ।।८।।
वहै एक जग कै सुधि लेवा। अलख अपार निरजन देवा ।।९।।

दोहा—करन हरन पोषन[17] भरन, जग कर्ता[18] के हाथ।
पल[19] छिन कैं[20] सुधि लेइ[21] लगि रहै सबन के साथ ।।५।।

दोहा ४—१. जदप (स०)। २. प्रौन (स०)। ३. खेह सब रचि (का०)। ४. साजो (का०)। ५. तिहि (का०)। ६. उपराजो (का०)। ७. सुर (स०)। ८. औ (का०)। ९. प्रान (स०)। १०. पाइ (स०)। ११. जिन्ह (स०)। १२. दैत्य (का०)। १३. परेता (स०)। १४. ज्यो (स०)। १५. मूर (स०) १६. औ (का०)। १७. अग्नि (का०)। १८. सिरजटा (का०)। १९. कटत (का०)। २०. लखे (का०)। २१. आनो (स०)। २२. वर्ण (का०) २३. मे (का०)। २४. कहै (स०)। २५. लाई (स०)।

दोहा ५—१. जिन्हि सो (का०)। २. अपराजा (स०)। ३. भेख (स०)। ४. कहै ४. सबहि। ५. हस्त (स०)। ६. जिन्ह (स०)। ७. दिये (स०)। ८. तिन्हि (स०)। ९. लिए (स०)। १०. हमहो (का०)। ११. उपाय (उपराज को काट कर उपाय बनाया गया है। उपाना = उत्पन्न करना भी अवधी की धातु है (जोहि सृष्टि उपाई, राम चरित्र मानस)। (का०)। १२. गर्भ (का०)। १३. गमावा (स०)। १४. कर (स०)। १५. माही (का०)। १६. पाही (का०)। १७. पूपन (स०)। १८. जग को ताके (स०)। १९. छिन (का०)। २०. को (का०)। २१. लेन (का०)।

करता कीन्ह चहै सो करै। भरे ढार[1] छूछै लै[2] भरै ॥
परबत छिन ज्यों तारि उडावै। तिनकहि[3] परवत कर[4] दिखरावै ॥
सागर सोखि[5] उखारै छारा। सूखे महं जल भरै अपारा ॥
कंचन मंदिर बसत उजारै[6]। औ[7] उजार मैं कंचन ढारै[8] ॥
राजा बिरछि करै बिनु पाता। ठुंठ[9] नियात[10] करै तिह[11] राता ॥
पंडित गुनी निरगुन[12] कै डारै। मूरख पंडित करि[13] बैठारै ॥
छत्रपती सो भीख मंगावै। लै भिखमंगा राज बैठावै ॥
इंद्रहि चांटा करि[14] अवतारै। चांटहि[15] इंद्रासन बैसारै[16] ॥
बद[17] मता फिर फिर अवतारै[18]। अधम अधरम[19] करत उधारै ॥

दोहा—अमरत[21] विस मूरै[22] करै, औ विरव अमृत[23] मूर।
सदा हजूरी दूर करि, दूरै करै हजूर ॥६॥

ऐसो बल ऐसी प्रभुताई। छमा[1] बूझ कछु बरनि न जाई ॥
जौन अंग भजै जो वाका[2]। तेही अंग मिलै वह ताका ॥
जो ताकौं साहब कै[3] मानै। ताहि कहौ सेवक कै[4] जानै ॥
जो काउ[5] कहै कि सखा हमारा। ताहि सखा होइ मिलै पियारा* ॥
जो काउ[6] ताकै[7] जात कहावै। जात[8] मान तिन्ह[9] पात[10] मिलावै[11] ॥
जो कोउ[12] कहै अंस हौं ताका। एक रूप मेरा अरु वाको ॥
तिहि[13] अपना[14] अंस[15] कै जानी[17]। निरमल अमल आप सो मानी[18] ॥
जो काउ[18] ढीठ कहै हौं सोइ। मो अरु वामैं भेद न कोई ॥
ता पर रीझ बहुत सुख मानै[20]। अंतर मेटि आप सो मानै[21] ॥

दो०—ऐसो साहब और नहिं इतना प्रभुता जाहि।
सेवक जो सरवर[22] करै, करै आप सरि ताहि ॥७॥

दोहा ६—१ ढारै (स०)। २ ते (म०)। ३ कहु (म०)। ४ करि (का०)। ५ सूर (स०)। ६ उजारा (का०)। ७ या (का०)। ८ धारै (स०)। ९ ठुठ (का०)। १० नयात (स०)। ११ वहु (का०)। १२ निगण (का०)। १३ कै (म०)। १४ कै (स०)। १५ चाटा (का०)। १६ बैठारी (का०)। १७ बंदनतं (का०)। १८ अवतारा (का०)। १९ अधमं (का०)। २० अवधारी (का०)। २१ अमृत (का०)। २२ मूरि (म०)। २३ अमृत (का०)। २४ दूरी (का०)।
७—१ छिमा (का०)। २ तिन्हहीं (म०)। ३ करि (का०)। ४ करि (का०)। ५ कोई (का०)। ६ काई (का०)। ७ तारा (का०)। ८ जाति (का०)। ९ तिह (का०)। १० पाति (का०)। ११ लगावै (का०)। १२ काई (का०)। १३ तिन्ह (म०)। १४ वाहु (का०)। १५ अमु (का०)। १६ जानहीं (का०)। १७ मानहि (का०)। १८ काई (का०)। १९ ढीठ (का०)। २० मानहीं (का०)। २१ जान्हीं (का०)। २२ पर (म०)।
* जयपुर की प्रति में यह पांचवी चौपाई है।

निज समुझौ[1/2] तो एकौ सोई। साहब सेवक भेद न[2/2] कोई॥
जड चेतन अंतर पुनि[1] नाही। सर्व समाइ रहे वा माही॥
ज्यो जल माहि बुदबुदा[2] भएऊ। है जल नाव और होइ गएऊ[3]॥
गाठि छूट जब जलहि समाना। जल को जल कुछ भयो[4] न आना॥
कनक सिला ज्यो चित्र बनाए[5]। पसु पछी लिख नाव धराए[6]॥
एक[7] कनक होइ[8] रहा[10] अनेका। कारण[11] टूट एक को एका॥
त्यो यह सब मोइ होइ रहा। भेद कीयें[12] तिन मरम न लहा॥
वहे[13] नचैया[14] वहे[15] बजैया। वहे[16] खेल औ वहे खेलैया॥
जब चाहै तब धरै उठाई। अपना ज्यो को त्यो रहि[17] जाई॥

दो०— वह जो रूप वाको अचल, तासों भयो न भग।
जग समुंद्र जल माहि ज्यो, उपजा एक तरग॥८॥

जो सदेह धरै जिउ[1] कोई। वह[2] चेतन कैसे जड होई॥
जद्यपि वह[3] चेतन जड नाही। पै जड प्रगट[4] भए[5] ता माही॥
जड कछु[6] दूजे वस्त[7] न जाना। मकरी कर[8] जारा कै[9] माना[10]॥
काढि आप सो कौतुक कीन्हा। औ[11] छिन माहि[12] लील पुनि लीन्हा॥
अत महा परलै जब होई। दिष्टि पदारथ रहे न कोई॥
होइ अलोप[13] तत्तु[14] गुन[15] मेला। कछु न रहै वह रहै अकेला॥
सब कुछ[16] ताही[17] माझ समाई। चेतन अविनासी कहि[18] जाई॥
आदि अत जो एकै सोई। मध्य[19] उपाधि[20] न मानौ कोई॥
ऐसे समुझि एक निज जानहु। दुविधा भूलि[21] न मन में आनहु॥

दोहा—और न भाउ[22] जो[23] कुछ सो वह[24] अलख निरजन एक।
भाति[25] भाति कै भेख धरि[26], एकै भयो अनेक॥९॥

दोहा ८—[1/2] समझै (का०)। [2/2] एकै (का०)। [1/3] और (का०)। २. कछु (का०)। ३. भयो (का०)। ४. गयो (का०)। ५. भेव (स०)। ६. बनाई (स०)। ७. धराई (स०)। ८. कनक अग (का०)। ९. हुइ (का०)। १०. रह्या (का०)। ११. कारै (स०)। १२. गिनै (स०) १३. वही (का०)। १४. नचावहि (का०)। १५. वही (का०)। १६. वही (का०)। १७. रहि (का०)।

दोहा ९— १. जन (का०)। २. विन (स०)। ३. बिन (स०) ४. प्रघट (स०)। ५. भई (का०)। ६. दूजी (का०)। ७. जानहि (का०)। ८. को (का०)। ९. करि (का०)। १०. मानहि (का०)। ११. ऊ (स०)। १२. माझ। १३. अनूप (का०)। १४. तत (स०)। १५. खन (स०)। १६. कछु (का०)। १७. ताहि (का०)। १८. हो रहि (का०)। १९. मरद्ध (स०) २०. उपाइ (का०)। २१. मूल (का०)। २२. कछु कछु (का०)। २३. सो (का) २४. वोह (का०) २५. कई (स०)। २६. धर (स०)।

अव गुन कथन मत मैं करौं। जिन्ह मैं प्रेम प्रताप सिरतरौं ॥*
जवते प्रघट मोहिं निसितारे। उन एते केते निस्तारे ॥*
प्रथम निरमन वह जोति उपाई। तिन्ह मैं प्रीत सब सिद्धि बनाई ॥*
रसन एक अस्तुति बहु भेखा। लिखें सा को नाहि कछु लेखा ॥*
जाके प्रेम हिम मह मदमाते। ताके प्रीत प्रथमें रंगराते ॥*
हौं बलहार ताव कै जाग्रौं। जिन्ह प्रताप प्रभु दरसन पाग्रौं ॥*
ग्रौ उन्ह प्रेम बिन मुक्ति न होई। जिन भूलो भटको गत कोई ॥*
ग्रतम सब मन माह सो जानहु। यहे वचन सत्य कै मानहु ॥*
निस बासर रावर जस कहौं। कवल चरन मन परसें कहौं ॥*

दोहा— तीन लोक नौ खड मह, ऐसो ग्रौर न कोइ।
ग्रातम ग्रादि तैं ग्रंत लग, भयो न कोऊ हाइ ॥१२॥*

बादशाह वर्णन

साह जहा सुलतान चकत्ता। भानु समान राज एकछत्ता ॥
दिहली उवा[1] सुरज[2] उजियारा। चहूँ ग्रोर जस किरन पसारा ॥
राजन्ह के मुख रहा न पानी। मना[3] बेलि रवि तेज झुरानी[4] ॥
हुते[5] जु[6] गढ[7] मेर ज्यो ठाढे[8]। गारि[9] नवाइ[10] नीर कै[11] काढे ॥
किये नमान[12] सबै ग्रभिमाना। मान छोड[13] ग्रब[14] करहिं[15] किसानी ॥
सोस नवाइ रहा जो बाचा। जो उकसा सा काल मुख खाचा ॥
रहा न कतहू जुद्ध[16] कर[17] मानू। ग्रस दिढ होइ बैठा सुलतानू ॥
छत्री छत्रधार जो कहाए। ते जुहार का[18] बार[19] न पाए ॥
खड खड कै राजा राऊ। ठाढे रहत जोरें कर पाऊ ॥

दोहा— जे राजा तरवार धरें[20] कटक देत है[21] टार[22]।
तोरि तोरि तरवार तिन्ह[23] फार[24] गढाए[25] फार ॥१३॥

दोहा १३—१ हुवा (का०)। २ सूर्य (का०)। ३ मान (स०)। ४ झरानी (स०)
५ हाते (स०)। ६ जो (स०)। ७ घर (स०)। ८ बाढे (स०)। ९ कार
(स०) गार (का)। पर शुद्ध पाठ गारि' है। गारना = दवाकर निचोडना।
मेरु के सदृश दुर्गों को झुका कर उनह कउका पानी निचोड कर बहा दिया।
१० लुदाय (का०)। ११ कद (का०)। १२ अपमान (का०)। १३ छरो
(का०)। १४ ग्रति (का०)। १५ करै (का०)। १६ जड (का०)। १७
करि (का०)। १८ कहि (का०) १९ पार (स०)। २० धरि (का०)।
२१ हो (का०)। २२ तार (स०)। २३ वह (का०)। २४ फार (स०)।
२५ गढाई (का०)।

* ये चौपाइयाँ ग्रौर दोहा श्री मुनि कांतिसागर जी की प्रति में नही है।

साज काज जब करै चढाई। महि मडल[1] हय[2] मय होइ जाई ॥
चलहिं[3] गयद ठाठ चहु ओरा। मेघन अनौ[4] कीन्ह मनु[5] जोरा ॥
अनगिन सैन न वार न पारू। महि पहु[6] सहि[7] न जाइ सो भारू ॥
काँपै धरनि मेरु थम जाई। कमठहि आन बनै कठिनाई ॥
वासुकि डुलै[8] होइ कलमला। परै पताल लोक खलवलो ॥
परवत चूर चूर होइ जाही। असल मराल होइ धूर उडाहीं[9] ॥
इद्र लोक पहुचै सो धूरी। अधकार उपजै तिहि[10] पूरी ॥
सूरज प्रकास न देइ देखाई। बासर अछत रैन होइ जाई ॥
बन[11]पड टूटि खेह मिलि जाही। सरवर सागर सलिल[12] सुखाही ॥

दोहा— अगलै ऊज्जल जल पिवै[13], पिछलै खदर[14] छानि[15]।
ता[16] पिछलि चोवा सनै, तब पावहि[17] ते पानि ॥१४॥

न्याउ नीत जो पुरानन गाई[1]। सो भ्रिममोपति कै देखराई[2] ॥
गऊ सिंघ एक घाट पियाए[3]। राव रक सर कै[4] देखराए[5] ॥
रहा न जग अभीन[6] कर[7] चीन्हा। यव सौं बैर प्रजा[8] सुख लीन्हा ॥
नीर खीर सो होइ निरारा। वडं नियाइ[9] बार[10] कै सारा[11] ॥
पुत्र[12] अवीत करै जो काऊ। मोल[13] न राखै करै नियाऊ ॥
देस देस कै पतियाँ आवैं[14]। सो नोवे[15] नित बाचि सुनावैं[16] ॥
सुना[17] अनानि कीन्ह जो काहू। वाँधि मगावै ताहु[18] सिपाहू[19] ।
वुद्ध बार वह यह ठहराई। बैठै[20] साह भार[21] होइ न्याई[22] ।
जिन्ह[23] जाको जैसो दुखहोई। बिनवै जाइ न बरजै कोई ॥

दोहा—ज्यों तन कै सुधि जिउ धरै, त्यों जग कै सुधि ताहि।
चाटी दुखी जो[24] पाव[25] नर, सोउ[26] सुनै मो[27] साहि ॥१५॥

दोहा १४—१. मदिल (ग०)। २ है मई (का०)। ३ चलहु (ग०)। ४ उनै (ग०)। ५. जनु (का०)। ६ पहि (का०)। ७ सह (ग०)। ८ दवै (ग०)। ६. मिलाहीं (ग०)। १० तिहु (ग०)। ११ बगदु (ग०)। १२ गलल (ग०)। १३. पियन्हु (ग०)। १४. खदर (ग०)। १५ रिछान (ग०)। १६. पिछने जब चोरा सुनै (का०)। १७ पावै (का०)।

दोहा १५—१. गाए (ग०)। २ देखराए (ग०)। ३ सिराई (का०)। ४. कर (का०)। ५. दिखराई (का०)। ६. अनात (का०)। ७ करि (का०)। ८ परजा (का०)। ६. ताहि (का०)। १० दारि (का०)। ११ सारा (का०)। १२. पुतर (ग०)। १३. चाह राखन (का०)। १४. आवहु (ग०)। १५. नेगी (का०)। १६. सुनावहु (ग०)। १७ सुनत (का०)। १८ ताहि (का०)। १६. पपाहूं (का०)। २०. बैठि (का०)। २१ सब (का०)। २२. निराई (का०)। २३. जिहि (का०)। २४ जु (का०)। २५. पाइ (ग०)। २६. सोउ (ग०)। २७. सिर (का०)।

धरमराज परजा सुख पावा। देस देस सब सुबस बसावा ॥
सुख सों करैं किसान किसानी। बोइ सो बाट देइ रजधानी ॥
राज अन सो बाढ[1] न लीजै। परजहि[2] आध बचै सो[3] कीजै ॥
परजा घर आनंद बधाई। भूखा एक[4] न सबै अघाई ॥
अपने भाग दुखी जो काई। ताकै मुखि मभार पुनि होई ॥
बरख[5] बीज अस[6] मन तिन्ह[7] दीजै। जब ताकै उपजै तब लीजै ॥
निरभै बनिज करैं व्योपारी। लासन साज रहै मग डारी ॥
चोर जगत मह दिष्टि न आए। जिन चोरी सब चोर चोराए ॥
राज नीति सब कह सुख दाई। जग सुख सो उद्यम[8] करि[9] खाई ॥

दोहा—देखि जगत सबही[10] सुखी, सुखहू पायो सुक्ख।
दुख अति[11] सुख सो[12] दुखी छोड, समुद पार[13] गयो दुक्ख ॥१६॥

दाता बहियात एकै साईं। ता सरवर[1] कहि और न कोई ॥
एक बार तिहि[2] सा जिन मागा। पुनि[3] भर[4] जनम न काहू लागा ॥
जे मगत टूकन[5] कौं मागा। तिन धन भरहि[6] रतन कै मागा ॥*
जे[7] मगत धन घर[8] घर डोलैं। सो दर पग न[9] धरै बिन डोलै ॥
जे मगत चोरन्ह कै जोरा[10]। तिन्ह[11] कै काक चोर कै जोरा ॥
जे[12] मगत[13] चैने[14]* कर चूनू। ताहि सा मुक्त[15] बिनी[16] कर चूनू ॥
लीन्ह[17] जो सदाबरत कै दाना। दीन्ह[18] अब[19] सदाबरत कर दाना ॥
असेष[20] मान दान जग कीन्हा। मगत जन दाता सब कीन्हा ॥
जिन दानन[21] हातिम जग जाना। दीन्ह साह मगन[22] ते दाना ॥

दोहा साहजहा दातार उर, धरै पतार दुराइ।
दधि मुकता तऊ[23] ना बचै देइ[24] नडाइ लुटाइ ॥१७॥

दोहा १६—१. हन (स०)। २ परजन (स०)। ३ रयो (का०)। ४. एको (स०)। ५. बरद (स०)। ६ भूख (का०)। ७ तिहि (का०)। ८. उद्दम (स०)। ९. कर (स०)। १० सब सुख (का०)। ११ तातें (का०)। १२ दुख दुखी (का०)। १३. दिखन सका तिहि दुख (का०)।

दोहा १७—१. सर बड (स०)। २ सर (स०)। ३. तिन (का०)। ४. फिर (का०)। ५ लोकन (का०)। ६ फिरहि रतनग (स०)। ७ फिरि आतनि लगि (का०) जा (स०)। ८. दर दर (का०)। ९ हरे (का)०। १०. चोरा (का०)। ११. तिहि (का०)।
१२. जिन्हन (स०)। १३. मिलत (स०)। १४. चूनी (का०)। १५. मुक्ति (का०)। १६. चूना (का०)। १७ लेहि (का०)। १८. देहि (का०)। १९ जु (का०)। २०. अब तक (स०)। २१. दानन (का०)। २२ मगत (का०)। २३. नै सचै तो (का०)। २४. दिए (का०)।
* जो मगते टुकडा मागते थे उनकी स्त्रियाँ रत्नो से माग भरने लगी।

अब गुर देव केर गुन गाऊं। रग बिहारी[1] जिन धर नाऊ ॥
सो बरनौं मा कथा उज्यारी। जग[2] जानइ ज्यों रग बिहारी ॥
आदि नगर लहोर जिन्ह[3] नाऊ। जनम भूमि उन्हकैं[4] तिन्हि[5] ठाऊ ॥
छत्री[6] ववर जात यहाई। भय्या चारहु[7] भले देखाई ॥
पहले कहियत नाव बहोरा[8]। बसन बहोरैं[9] नाव बहोरा[10] ॥
थोरी वैस बहुत मति धरै। सिद्ध साधु कै सेवा करै ॥
दयावत[11] दुखी पर दुखी। देखि न सकै प्रतीपिहि[12] भूखी ॥
धरमी धरम पथ पग धारैं। कथा वारता सुनैं[13] बिचारैं ॥
रहैं पवित्र भजन सो कामू। सुमिरन करैं सदा हरिनामू।
साधु सिद्ध[14] सगत करैं, साधुन सों ब्योहार।
सुन[15] न सकहि समुझा चहैं, आतम रूप विचार ॥१८॥

नित प्रति प्रात उठैं जस[1] भानू। जाइ सलित[2] (सरित) जल करहिं[3] सनानू ॥
बालक तहा सखी पुनि खेलैं। लिपटैं[4] भिडैं[5] दड मिलि पेलैं ॥
तिन्ह[6] कौतुक छिन मन बहरावहि[7]। नित प्रति तहँ देवल जो[8] आवहिं[9] ॥
देवल पाइ बालक सुख पावैं। अधिको कौतुक कर दिखरावैं ॥
एक दिन देखत हुतै तमासा। सिद्ध एक आवा उन[10] पासा ॥
अद्भुत भेख धरै अविगती[11]। सूफी[12] औ न सेवडा जती ॥
सन्यासी पुनि कहा न जाई। ब्रह्मचर्य[13] गति जाइ न पाई ॥
जगम कहा न जाइ न जोगी। खट दरसन सो[14] भेख वियोगी ॥
माथे[15] तिलक हाथ जपमाला। सीगी गरे[16] बाघ[17] मृगछाला ॥
मन कै सुरति पीउ सो लागी। भ्रम मिटि गयो सका सब भागी ॥
दोहा— पलक न लागै आखिन[18], माखी निकट न जाइ।
औ[20] न अग परिछाहीऊ, अधर भूमि[21] सों पाइ ॥१९॥

दोहा १८—१. रगभारी (स०)। २ जानैं (का०)। ३ जिह्नि (का०)। ४. तिनकी (का०)। ५. निन्ह (का०। ६ छतरी (स०)। ७. चारि पुनि (का०)। ८. बिहारा (का०)। ९ बिहोरैं (का०)। १०. बिहोरा (का०)। ११. सभा की प्रति में यह अश त्रुटित है। १२ आतमा (का०)। १३. सोहं (स०)। १४. साधु (स०)। १५. सुनहि शिष्य शिष्टाचर हैं (का०)।

दोहा १९—१. जब (स०)। २. सलिल (का०)। ३. करैंहि (का०)। ४. लिपटह (स०)। ५ फिरह (स०)। ६. तिहि (का०)। ७. भरमावह (स०)। ८. कांति सागर जी की प्रति में वह शब्द नहीं है। ९. जू आवहि (स०)। १० सन्यासा (स०)। ११. अवगती (का०)। १२. सोपहि और न सेव राजतं (स०)। १३ ब्रह्मचरच (स०)। १४ सुन (स०)। १५. माथन (स०)। १६. करैं (स०)। १७. बाधें (स०)। १८. आख न (स०)। १९. माखें (स०)। २०. औ न अग पउ छाहो (का०)। २१. मुई (स०)।

* चैना = एक प्रकार का निकृष्ट धान्य।

इन वह पुरख दिष्टि मह[1] आगा। देखत सिद्ध पुरख पहचाना॥
सिद्ध पुरुख इन्ह तन पुनि पेखा। भई परस्पर देखी देखा॥
तब इन[2] देवल[3] गोद सों[4] काढी[5]। हिय[6] मैं पीत दरसन तें बाढी॥
हस कै पुरुख हाथ गह[7] लीन्ही[8]। लै रचक अपनै मुख दीनी[9]॥
करजो रहे[10] इनके मुख डारे[11]। डारत बुद्धि विचार उघारे॥
कै चेला चल भय[11] गुरु आगे। ए गुरु के पीछे[12] उठ[13] लागे॥
एक[14] वचन पूछा तिहि ठाऊ। कहौ[15] गुरु तुम आपन नाऊ॥
कहा अचित नाम सुन मोरा। रग बिहारी राखौं तोरा॥
कहि[16] सुबचन[17] पुनि दिष्टि न आवा। पुरुख जहा कर तहा समावा॥
दोहा— उनही[18] घरी[19] कृपा भई, दया कीन्ह[20] गुरु देव।
आतम[21] रूप लखा प्रगट[22] रहा न अंतर भेव॥२०॥

दोहा— २०. १ मैं (का०)। २. उन (का०)। ३. द्योल (स०)। ४. तें (का०)। ५. काढे (का०)। ६. ते ताके सनमुख भये ठाढे (का०)। ७. फल (का०)। ८. लीन्हें (का०)। ६. दीन्हे (का०)। १०. रहि (स०)। ११. डारी (स०)। १२. विरह कुवार ओजारी (स०)। १३. भागु (का०)। १४. पाछे (का०)। १५. उठि (का०)। १६. बूझौं बचन जो अज्ञा पावो (स०)। १७ कही कहौ (स०)। १८. कहसि (स०)। १६. बचन (स०)। २०. वही (का०)। २१. घडी (का०)। २२. करी (का०)। २३. उत्तम (स०)। २४. प्रघट (स०)।

सिद्धान्त-माधुरी

[श्री रूपरसिक जी कृत]

सिद्धान्त माधुरी

जैं जैं श्री हरि प्रिया देवि दंपति की दासी ।
इछा शक्ति स्वरूप महल की टहल उपासी ।।
रहे प्रसन्न मुख किये लिये रुख हिये उलासी ।
दुरि देखत सखि जहा तहा की करत खवासी ।।

यहां कोउ प्रश्न करै कि सखी दुरि देखें अरु श्री हरि प्रियाजू तहां की खवासी करत हैं तो राहू तो एक सखी हैं इनकों निरंतर सुख को प्राप्ति कैसें संभवे तो तहां कहियें कि हरि प्रीयाजू हैं सु जुगलजू की इछा शक्ति निज दासी स्वरूप धारण कीनों है इनि बिना विहार बनत नांही। काहे तैं जो इछा होइ तौ विहार होय या तें इनि को स्वरूप मुख्य जानियें। श्रौरू सखी जु है सु श्री रंगदेव्यादिक प्राधान्य जू ये स्वरी हैं । पैं एहू सब श्री निज दासी जू को स्वरूप हीं। आपु ही अष्टधाविग्रह धर्यो है। यातें उनमें इनिमें भेद नाहीं। जैसे श्री प्रीयाजू प्रीतम प्रीतम श्री प्रियाजू या प्रकारि जानियें। अन्यथा नाहीं । श्रौरू कोऊ कहै कि अष्ट सखिन में मुख्य श्री ललिता जू सुनियतु हैं । अरु तुम श्री रंगदेवी मुख्य कही तौ तहा कहिय कि अपने इष्ट माहित्मत्व तत्तोपदेश कारिनी कृपा इनिहीं कौं हैं। यातें मुख्य कही अन्यो अन्य स्नेह पूर्वक अति प्रसन्न जुगल जू कौं सेवति हैं तत्व एक ही हैं। सेवा निमित्त अनेक रूप आभासतु हैं। भेदन करनों। ए प्यारी प्यारेजू की प्यारी सखी है। जब दोऊ प्रीतम परम प्रकास मय मोहन मदिर में अलबेले अति स्नेह सौं सुरत जुद्ध करत हैं तब वा समें न्यारारस है अति सुख अमृत पांन करिबे के लियें निरीक्षण करत हैं। अरु श्री हरि प्रियाजू भीतरि यातें रहति हैं कि वहा सुरत जुद्ध है। जो दोऊनमें कोऊ एक विवस होय तौ संभराइवेकों चाहियें। अरु वे श्री रंग देव्यादिक सखी जु हैं सु उनि पर मरमनीय परम अद्भुत लाल पीत स्याम सेत मनिनि करि जटित मुक्तानिकी जालिनि के रंध्रनिमग लगि वा पूर्ण प्रेम रग भरी माधुरी कौं अवलोकनि करि परस्पर निज भाग सराहति हैं अरू कहत हैं कि धन्य धन्य भाग है सजनी रसिक रसीलेजू को रहसि निहारैं दिन रजनी। तातें यह सुख जु है सु इनिके आश्रय विना अति दुर्लभ हैं । सुल्लंभ जाही कौं हैं कि जापर श्री निजदासा जू निज करि कृपा करै। यातैं प्रथम इनको आश्रय लेय जब इनकी कृपा होय तब सखी रूप कौं प्रापति है करि श्री मन्निज वृंदावन में नित्य विहार को सेवन करै। अरू निरंतर रूप माधुरी कौ पान करै। कैसो हैं श्री मन्निज वृंदावन जाकी दिव्य कंचन मय भूमि हैं । अनेक भांतिनि की मनिनि करि जटित हैं अति चिचित्रता सौं। वृक्षन की सोभा पैंठ नीलमनि मय हैं। तौ साखा हरित मनि मय हैं पत्र पीतमनि मय हैं तो फल अरूनमनि मय हैं। फूल अति सुकग सुपष्ट सौरभ मधुर वमत द्रुम एसे हैं। जितके पत्र फल फूलसखा मूल सर्वत्र नानारंग आभासतु हैं। परम मनोहर रम्य कोटि कोटि सूर्यनि को प्रकासुहैं। लता हैं अति रसीली ते ललित तरुनि सौं लपटाइ रही हैं व भतकलता ऊरधगामिनी हैं। व झलक लता भूमि कौं प्रसरित हैं श्री जमनाजू फकना कर अति सिंगार रस मय पर करि पूर बहत हैं। नाना रंग तरंगनिकरि छवि छलकति है। अरून नील स्वेत

कमल कुल जहा तहा प्रफुलित हैं। तिन पर मधुर मधुलुब्ध गुंजार करत हैं। अनेक स्वरनि सौं सार सहस चक्रवाक कारज कोकिला कोक कीर चकोर चात्रिक मोर इत्यादिक नाना पक्षी जुगलजू के नाम रटतु हैं स्वतंत्र। अरु उभय तट हैं सु रत्न बद्ध हैं। तिन पर वृक्षन की डारें झुकि झुकि फल फूलनि के भार जल कौं परसि रही हैं। अति सोभायमान हैं। तहा की सोभा देषि दंपति जू आप लोभायमान ह्वै रहे हैं। अरु इक छिनु न्यारे नहि ह्वै सकति हैं। ऐसौ जो निज धाम ताके मध्य नव नित्य स्थल अनेक दल कमलाकार तिनमें निज पर्वति अष्टदल हैं। तिन पर अष्ट प्रिय सखीनिकी कुंज हैं जिनके नाम रंग रसद नव नवल सुख सुखद मंजु मंजुल। इन विषैं समस्त सेवा की सामगिरी रहत हैं। जिहि जिहि समें सो सो सहज ही प्रवर्ति हैं। अति कमनीय कर्णिका तेजोमय ताके ऊपर चारि सरोवर हैं मान सरोवर मधुर सरोवर, स्वरूप सरोवर, रूप सरोवर। च्यारयौं ही भौरनि जिनकी रचना अपार है। अनेक नगनि करि घाट निर्मित हैं। सुंदर सिढीनकी प्रभा को प्रकासु है तिन सरोवरनि के मध्य भाग एक अष्ट द्वार को महल है। द्वार द्वार प्रति तोरन ध्वजा पताकादि अलकृत है। विशाल मुक्तानिको वदनमाला कुंदन कपाटनि कुंभनिके निकरन करि जटित जगमगाति हैं। जोति जाकी एक छविलेसपर कोटि कोटि दुति वरचि के प्रकास कीन हैं। स्फटिक मनिमय भीत अति स्वच्छ है। जामें श्री मन्निज वृंदावन को प्रतिबिंब गैर गैर अनेक ह्वै प्राभासत हैं। अद्भुत अनेक रंग चित्रनिकरि चिनित हैं। चारू चारू चूनी चहूं ओर चमकति हैं। खिरकिनि की गोखनि झरोखनि की जारिनि की अटनि अटारिनि की दुति दमकति है। छाजनि की छाजनि विराजनि विविध विधि साजनि निरखि सोभा झूमि झमकति हैं। चमकति खरी खिलिसमय ताप ननि कीर' मवतिराजो रवि छविवि छमकति हैं। ता महल के भीतर चौक बीच रत्न मडल पर कल्प वृक्ष नीचें मोहन मदिर है। गरस मनि मृदुल मनि कचन मनि सूर्य काति चद्र काति हेम काति मनि काति पद्मराग पुष्पराग इत्यादि दिव्य अद्भुत मनिन करि विचित्रता सौं रचित है। ताके मध्य मृदुल सेज पर स्याम की सुरत विहार है। यहां और काहू को प्रवेश नाहो। बिना एक श्री हरि प्रियाजू की कं ए इछा शक्ति निज दासी स्वरूप है या तें अरु इनिको जो भेदाभेद को अभिप्राय है सो तो पहिलें लिख्यो ही है। ऊं तेसैं समुझिनो। मोहन मदिर के अग्रभाग आंगन मे मोहन मडल ताके ऊपरि अनोपम अष्टकौन को एक सुख सिंहासन है। तहा जुगलजू विराजत हैं। कौन कौन प्रत्येक एक प्रिय सखी निज निज गननि जुत अनेक भावनि सो सेवा करत हैं। प्रिय सखीन के नाम। श्री रगदेवी, सुदेवी, ललिता, बिसाखा, चम्पलता, चित्रा, तुगविद्या, इन्दुलेखा, इनिकों प्रिय सखी जानियें। काहू काहू मतातर विषैं इनके औरहू नाम सुनियतु हैं। यदि यामें कछू सदेह न गिनियें। जैसें श्री प्रिया प्रीतमजू के अनेक नाम हैं। निज मडल के अंगी तैसें हू सखिन के ऐसहि यह जु स्वमतानुसार लिखे हैं। निश्चित यहीं महत्माचार्य प्रवर पत्र चारु चूडा मनी जू कौ हृद है सो तो यह बिना कृपा अगम्य है। यदि याको सहज ही उपाव है। श्री गुरु चरन अरु श्री गुरू हैं सो साक्षात भागवत रूप हैं। तहा प्रमान श्लोक लिखें।

श्लोक—प्राचार्यो विष्णुरूपोऽहि पुराणेष्वपि निश्चय,
निधानु ब्रह्मादिर्भे यौ कृष्णेन यथानघा।

जिनको निग्रह अनुग्रह श्रीकृष्ण कैं समान हैं परन्तु इतनौं अधिक हैं सो भगवान रूठें तो श्री गुरु सहाय करें पै श्री गुरू रूठें भगवान पैं सहाइन होय सकैं। तातें सर्व भाति करि श्री गुरू को प्रसन्न राखें। तथा ही।

श्लोक—हरौ रुष्टे गुरू स्त्राता गुरौ रूष्टेन कश्चन।
तस्मात्सर्वं प्रयत्नेन प्रसाद्य सर्वं देहिना।

अरू श्री गुरू विखें मानुषी बुद्धिन करें। तथा ही

श्लोक—आचार्य मानुषी बुद्धिर्नकर्तव्याक दाचन।
अस्मामि श्रेयइच्छद्भिर्यत स्यानहि श्रेयसा।

दीक्षा मंगले।

समझै गुरूहि न मानवी है। गुरू श्री हरिदेव।।
मनसा वाचा कर्मना करें कपट तजि सेव।
हरि रूठें राखे जु गुरू गुरू रूठें नहि कोय।।
तातें सोई विधि करें ज्यौं गुरू राजी होय।

अरू श्री गुरू हैं सो ज्ञान मजन की सलाका करि नेत्रन के प्रकासकारी हैं। अज्ञान तिमिर करि अंध भये हैं। तिनकौं पुराणांतरे।

श्लोक—अज्ञान तिमिरांधस्य ज्ञानांना जन सिलाकया
चक्षु रून्मीलित येनतस्मै श्री गुरूवे नम

जैसे जु श्री गुरू हैं तिनकौं नमस्कार है। जिनके चरणाश्रय तें सर्व सु मिलें। अरू जो कोऊ भगवान की प्राप्ति चाहै सो श्री गुरू कौ आश्रय लेंय। वेद हू कहत हैं कि बिना गुरू भगवान की प्राप्ति नाही। पंच संस्कार के दाता हैं। श्री गुरू तिन समान प्रत्युपकार कारने कौं द्वितीयोनास्तिलुस्तवे।

श्लोक—पंच संस्कार दायीच महो धर्तांभवार्णवात्।
तेषा प्रत्युपकाराहो न कोपि जगती तले। दिक्षामंगले।
छाप तिलक अरू नाम पुनि माला मंत्र जु पाव।
संसकार जब गुरू करें तबही हरि जन साच।।

तातें प्रथम जब गुरू को आश्रय मिलें कृपा करि जब श्री गुरू नवधा भक्ति दिठावें। करत करत परिपक्व भयो जानें। तब प्रसन्न ह्वै हृदय गत वस्तु उपदेसें। अरू निज रूप की प्राप्ति करें। नित्य लीला दरसावें। सो नित्य लीला ब्रह्मादिकनि कौं अलभ्य है। तो तुम कैसें जानी तो यहा यह उत्तर कि ब्रह्मादिक हैं सो वैकुंठनाथ के अधिकारी हैं सो अपने अधिकार में मग्न हैं। जिनके जानिवे कौ यह रस नाहीं। रसमारग भिन्न हैं। यह तो मुक्तिनि हू कौं अलभ्य हैं तो कर्म ज्ञानिन कौं कहा याकौं तो कृपा चाहियें कृपा होय। जब प्रेम होय तब यह रस पावें। तहा महावाक्य प्रमान हैं कर्म ज्ञान को नेकहू नाही जहाँ ससर्ग प्रेम विना पहुचे नहीं। पावौं ही अपवर्ग। तातें प्रेम ही मुख्य हैं। सर्वथा जो कोऊ

चाहै कि विना प्रेम ही प्राप्ति हैं तो कदाचित नाहीं क्यों के ग्रन्य दुर्लभ प्रेम मुल्लनाम है विरद विदत हैं सो कृपा साध्य हैं ग्ररु कोऊ कहृ कि कृपा कौंन को श्री हरि प्रयाजू की कि प्रिया हरिजू कौ तो यहा यह उत्तर जो कृपा न्यारी नाहीं कृपा एक ही है। इनिकी जो उनकि जो इनिकी इछा कहा भिन्न हैं। यह तो भावना के भेद हैं। ग्ररु वस्तु एक है। परन्तु इनिमें गुरुत्व हैं। तातें कृपा इनहीं कौ। जाकरि प्रेम रूपो सुख मिलै। सो सुख कैसो है। ग्रनदमय दिव्धारूप ग्रलिबेलो है। ग्रलबलडैलो है रसीलो रंग रगीलो है छबीलो है।

यह सिद्धात जु माधुरी कही बुद्धि ग्रनुसार।
रूप रसिक जन जो कहैं लहैं सोई सुख सार।।

विरह-शतं

[सोलहवीं शताब्दि का एक अप्रकाशित हिन्दी ग्रन्थ]

सम्पादक--अगरचन्द नाहटा

सोलहवीं शताब्दि का एक अप्रकाशित हिन्दी ग्रन्थ—विरह-शतं

[अगरचन्द नाहटा]

सोलहवी शताब्दि के पहले का हिन्दी साहित्य बहुत ही कम जानकारी में आया है। बडे बडे ग्रन्थ कम मिलते हैं और छोटी छोटी रचनाओ की ओर अभी ध्यान ही नही गया है। गुजराती राजस्थानी साहित्य के १३वी शताब्दि से १६वी तक को अनेक फुटकर रचनाओ के सग्रह निकल चुके हैं, जिनसे उन भाषाओ के क्रमिक विकास, रचनाओं के प्रकार व परपरा आदि पर बहुत ही सुदर प्रकाश पडता है। पर हिंदी की प्राचीन रचनाओ के सग्रह का अभी तक कोई प्रयत्न नहो किया गया। इसीलिये इनी-गिनी रचनाओ के अतिरिक्त हमें १३वीं शती से १५वी शती तक की रचनाओ के सबध में बहुत ही सीमित जानकारी है। अब इस कमी को पूरा करना अति शीघ्र आवश्यक है।

जब तक प्राचीन हिंदी रचनाओ के सग्रह ग्रथ प्रकाशित न हो, हमारी शोध-पत्रिकाओ में छोटी छोटी प्राचीन रचनाओ के प्रकाशित होने का प्रबध होना चाहिये। इसलिये हिंदी अनुशीलन में जिस प्रकार ग्रन्थानुसधान चालू किया गया है उसी प्रकार अन्य त्रैमासिक शोधपत्रिकाओ में कुछ पृष्ठ इसके लिये अवश्य रहने चाहिये। यह सुझाव देने पर डा० सत्येन्द्र जी ने भारतीय साहित्य एव आगरा विश्वविद्यालय के वार्षिक अक में प्राचीन ग्रथ प्रकाशन के लिये एक स्तम्भ नियमित रूप से प्रारम्भ करना स्वीकार किया है। और उसके लिये नियमित सामग्री देते रहने का मैं वचन दे चुका हूँ।

प्रारंभिक रचना के तौर पर साधन कवि रचित मैना-सत को देने का विचार था। पर उसकी दो प्रतियाँ मेरे पास हैं। दो अनूप सस्कृत लाइब्रेरी, एक 'जोधपुर पुस्तक प्रकाश' में प्राप्त हैं। इस अक में सोलहवी शती के लगभग का विरह शत प्रकाशित किया जा रहा है। हमारे सग्रह में १७वी शताब्दि की लिखी हुई तीन पत्रो की एक प्रति है जिसमें इस विरह शत के साथ दूसरा एक शत भी लिखा हुआ है। उसका नाम नही लिखा होने से उसके विषय को देखते हुए प्रेम शत नाम देकर मैंने इन दोनो रचनाओ का आद्यान्त विवरण राजस्थान विश्वविद्यापीठ उदयपुर से प्रकाशित राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रथो की खोज के चौथे भाग में दिया था। अभी जयपुर के दिगम्बर तेरह पथी भडार में इन दोनो रचनाओ की एक और प्रति मिल गई है। उन दोनों का मूल आधार एक ही प्रति है। इसमें दूसरे शतक का नाम आर्डर में शृगार सतक भाषा लिखा है, जिसे मैंने प्रेमशत सज्ञा दी थी। यह दूसरी प्रति चार पत्रो की है। इनके अत में हर्ष कीर्ति का उल्लेख है। जिनका समय १७वी शती का पूर्वार्द्ध है। पीछे की पक्ति में भिन्नाक्षरी में स० १७२२ चैत्रवदी १ लिखा हुआ है और इसके पहले और पीछे की एक एक पक्ति पर काली स्याही फेर दी गई है। दोनों प्रतियाँ १७वीं शताब्दि की हैं। मूलाधार उससे पहले १६वी शताब्दि का होना सभव है। शृगार शतक फिर कभी दिया जायगा।

विरह-शतं

जो उच्चरिय सु नाम तुम्र । ग्रस बुझिये जु ग्ररत्थ ।
सोइ करता ग्रक्षर सरिस । भंजन गढन समत्थ ।। १।।
सम कहुं कहू न ही कहां हहि । रे पवित्र कहि मोहि ।
माया मुद्रित नयन मम । क्युं करि देखुं तोहि ।। २।।
इन नयनन देखु' नही । इह विधि ढूं'ढयो जग्ग ।
सोइ उपदेसो ज्ञान महि । जिहि पावो तु' ग्रमंग्ग ।। ३।।
विरह उपावन विरह मैं । विरह हरन सावंत ।
विरह तेज तन नहिं सकत । व्याकुल महि जावंत ।। ४।।
विरह पुव्व प्रभु कुं भयौ । सब रचि राषिउ मूल ।
नैन बुझति नहि ग्राप महि । तां लगि रच्यो रसूल ।। ५।।
प्रथम कही विधि ग्राप मुखि । हिंदू तुरक मझारि ।
हो जि कहति इह रसन लग । पावन करति विचारि ।। ६।।
तू ग्रनाम न गुन न चिह्न प्रभु । जनम एक परि लेइ ।
घोर ग्रगनि परसैं नही । ग्रति परम पद देइ ।। ७।।
देहि प्रदक्षन रयन दिनि । नखत न पास मजाहि ।
सोई ग्रालम राज न कु तब । महि भेटे प्रभु साहि ।। ८।।
कही जु दारुण दुख दहे । तुहि पेमु कि किह तीर ।
विरह व्यथा प्रान न हरइ । सो परम पीर हर पीर ।। ९।।
वन तिन वडवानल भुपहि । जिम मल परसत नीर ।
हरे पाप दुख राम जहि । सुपि जिय राजन पीर ।।१०।।
प्रीति रची ग्रति सुक्ख लगि । दुख चरिउ मम हत्थि ।
मन मति सच लोयन श्रवन । पंच चले तुम्र सत्थि ।।११।।
पग ग्रागै मन पछिमइ । हीयइ मझि विपरीत ।
मीत पयानौ धजा सम । नयना जल मुख पीत ।।१२।।
हियइ रुंध(ति) विरसना थकित । लोचन जल भरि लीन ।
ऐसो त दुज्जन पुनि करहु । जो इन तिहूं न कीन ।।१३।।
जे दिढु बंनहु तेज पिय । ते चल्ले सग सुज्झि ।
निठुर विपछिज मोहि तन । रह्यौ लजावन मुज्झि ।।१४।।
को बोलइ भाकम मरहि । कोइ गहै तुम्र पाइ ।
गम तजु ग्रज[1] भव उप्पजिउ । हुं गही सु[2] साथिग माइ ।।१५।।
वासर विरह निमत्त कुं । विन संगम मम छांह ।
स्याम रमन नहि सहि सरन । सु हुं विमुक्कति ताह ।।१६।।

---

१. मधमुष, २. जु सातिग ।

विरह व्यथा अति कठिन तन । सुर नर सकहि भाखि ।
मदिर पव्वइ कूप वन । सुन बोलति मम साखि ॥१७॥

रयना[3] परि रचि पेम की । होसी करम सयोग ।
कौन पदारथ करि चरइ । मिलनै कौ है वियोग ॥१८॥

विधि वत्त दीन्ही प्रेम धन । विरह सग दियो काइ ।
खिनि हि जियावत पिन दहति । पल पल रक्ख न थाइ ॥१९॥

हीयै हुतासन झर वरै । छटाथि मुक्कति सास ।
विरह[4] जा रवि ते भस्म करि । विहुर न ग्रक असाम ॥२०॥

लिखत भूत भविकसत[5] । पल मञ्झहि प्रभु साहि ।
दुख अक ज मोटि न सकत । को[6] लेखक तू ग्राहि ॥२१॥

पेम सरोवर माहि परि । जिन्ह तक्किउ तरि तीर ।
निकसि मीन सिर घुनिउ । तव पायो सच नीर ॥२२॥

रे जिय परिहइ पेम दहि । विलसि अनेक तरग ।
आउ समप्पति मुख कोवन[7] । नयन मीन कै सग ॥२३॥

विरह तेज कहु जगत नहि । मुहि तन चुक्को ग्राहि ।
विहुरन ताता सग विन । यो दुख दीन्हौ जाहि ॥२४॥

साहि कठिन अति विरह झर । परसो जिन्ह सरीर ।
तिह चिय मुज्झ सहिम सरिस । सहि त सकी पिय पीर ॥२५॥

नयन तपत तन मैं नभो । मइ नहि जान्यो तव्व ।
वा निरमोही मिलन दिन । सो हू पुछु कव्व ॥२६॥

नेह मैन विरहा अनिल । ते मिल उठी जु जोति ।
मन पतग मज्झिह परत । जानति नहि कहा होत ॥२७॥

रे मन पेम पतग तू । रूप ज्योति रूप लेत ।
रतन दीप मुख जग मगति । उह अगनि जिउ देत ॥२८॥

मन पतग[8] उत्तिम करत । विरह ज्योति झलतेतु ।
जरइ तौ पावइ परम पद । बचै त लाभै हेतु ॥२९॥

पेम वैद औपध गुनिव । पूछयो जह वह धाइ ।
विरह मत्र चलि लेउ तह । पीर विषम जिह जाइ ॥३०॥

हु जइ सो पिय पेम ग्रहि । ते जु दए वद तव्व ।
जहा कहा को गारुर मिलइ । तौ विष हरइ सरव्व ॥३१॥

पनग विरह डस्यो जु मा । लग च गारुर मोहि ।
पिय रवि उदइ कठिन लहरि । नहि जगहि विन तोहि ॥३२॥

३. रयनायर, ४ विहि, ५ भविर कसत, ६. का, ७. वस, ८. पतग ।

विरह उसासन जरति रवि । तिय मुक्कति बिननाह।
मनहु सिराख[9] तन तपत । साझ परत दधि माहि ॥३३॥
मदन सचरति साझ[10] हिय । जह लौ तौ सब जाति ।
मोहियँ बसति जु विरह अति । डसति सपूरन राति ॥३४॥
दीपक भुवन न अलि कमल । तरु विहगम तिहु सत ।
मोतन विरहानल बसै । तपत सकल तन मझि ॥३५॥
पुहमी वदति[11] दीपधर । सझि सुख मनसि अनग ।
विरह दीप मो उर बसै । मन फिरि परै पतग ॥३६॥
रयनि जु रमनी विरह की । काम दियइ विच छाइ ।
सो रग रक तन ननि चुवै । सचित रग हुइ जाइ ॥३७॥
नयन कलस भुर त्रिकुटि कुच । कुच शिव मस्तक आहि ।
कोट बूद दिन पति परति । तुग्र दरसन को साहि ॥३८॥
जाम चतुर तुग्र विरह जरि । रजनी भई लि हार।
पुनि जारिवौ जारि दियइ । सुरगि भयौ जिवार ॥३९॥
मो हिया विरइजु वइरि । खिरि खिरि जुरि आवति।
जहम जुठारत पवन मिसि । तह असुवन वरिसत ॥४०॥
इद पटल पर पूर जल । इद वदन वर पत ।
इदी वर पिय तुम्र विरह । इद वधू निरखत ॥४१॥
अबर पूरत घन पटल । पिय बिदेसि निसि स्याम ।
असि दामिनि दव्विन करह । वाम गहइ कच काम ॥४२॥
आथि सरोवर सकल महि । नीर जी नीर पूर ।
मन मरालि मन मानसर । रमै न जद्दिप दूर ॥४३॥
पेम सलिल पिय सुवख जौ । दौ दीन्हो तन लाइ ।
वरि विरह झरि परि जरी । वह सुन जिरत[12] जाइ ॥४४॥
मिलि पिय पिय चातिग रसन । प्रेम तिया दाहति ।
लोचन घन वरसत नित । स्वाति अधिक चाहति ॥४५॥
पावस निसि या पूर तम । छट विजुल छल कीन ।
इ विरहनिवह जलद सग । विहसि महा दुख दीन ॥४६॥
मातौ वता देप मम । तुग्र विजोग जिउ जाम ।
टटि वेनी श्रम धर्म जल । मुख कचन तुग्र नाम ॥४७॥
जोगी गिरि आरत चवन[13] । मिलइ न आश्रम कौन ।
हस पुरी जिह पिय मिलइ । विह[14] मग्गौ लिय गौन ॥४८॥

९. सिरावन, १०. साइ, ११. वदति, १२. सर, १३. वन, १४. तिहु ।

काननि मुद्रा करि चलौ । सीस चरन करि भव्व ।
भसम दयें जौ पिय मिलइ । भसम करं तन सव्व ॥४९॥

कहा राम दूपत नल । ते जानत तीय वियोग ।
हुज दिन्ह विधि तुच्छ तन । इह पीर परम महि योग ॥५०॥

कहू बधव कहू मित्त जन । जो पीर बटावन मोहि ।
विरही कहाति पच जन । जा पहि पूछु तोहि ॥५१॥
रे कहियो को जिम क्वन । को वाल्लिम दिन कौन ।
कोइ जनम ससार को । कौन सुघट दुख कौन ॥५२॥

लैं आयें सुत पवन जिम । चपा सु जीवन मूर ।
मकति रही नहि साह महि । सर लगे तन पूर ॥५३॥
रे मन हसहु[१५] दी जियहु । अत परी नम सग ।
सेद सलिल दरपन दहन । रज पद अचल पग ॥५४॥
भुज आलिगहि हियौ भरि । मुख देखिहि चख रक ।
यु विधि अके जनम पट । इह लिलाट तिउ अक ॥५५॥
जह सु फद सुर नर रचेइ । छोर न जतन वताहि ।
विन फद फदे जु प्रेम फद । ते निरवनि न साहि ॥५६॥
अदभुत पीर परेम की । व्यापि रही जगपूर ।
वहु त स्याने पचि रहे । कहू करि चढी न मूर ॥५७॥
तूअ सनेहि तन अति दहै । जरौ विरह प्रतिवार ।
साह सिरावन नयन जल । उठति अधिक तन मार ॥५८॥

रावन परतिय हेत लगि । दह सिरि दिये कुभाउ ।
उह मारग चंपावती । एकउ देत नकाउ ॥५९॥
जह पल लोचन चारि भै । तव जु दये जिय साठ ।
तन गर पर दौ छार भइ । तौ उन छुट्टी गाठि ॥६०॥

श्रवन धरहि सताप सुनि । रसन गहै जपि मुक्ख ।
ए अमर हिन रस नेन । देखन चाहू हि मुक्ख ॥६१॥
मिलि चलित यान माहि तन । मन पाहुनौ करित्त ।
को आलिग हि को सुनै । को दर्पहि चरित्त ॥६२॥
जो मुहि भावन माइ करत । मन जानिति निसि चिति ।
यहै न जानत आप मन । भावनि करति सुनिति ॥६३॥

विरहग्नि उर छिन जरइ । रमन कहन नहि जाइ ।
जिम दम मस्तक चीय उर । सिनि रिवनि जरै बुझाइ ॥६४॥

---

१५. मम अमहु　१६. निसरति ।

एकोतन का एक जिय । खेह करें विन काम ।
मह जनम जनम कहु एह सजो । जुठ जु न तेरौ नाम ॥६५॥
पग देखत लगि साहि जिउ । नयन रहे पचि हारि ।
जिउ प्रस्थानौ दिन करैं । हु राखित करि मनुहारि ॥६६॥
ताहि न साहि विसरियहु । दया[18] आवारि जीवति ।
हु कुमदनि तुम्ह सरद ससि । कृपा करन पीवति ॥६७॥
कह दिनियर कहा कमलिनी । कह कुमदनी मयक ।
प्रीति तिहु पूर वल्लहा । कह राना वह रक ॥६८॥
विन साहिब सब स्याम निसि । किउ न मोर तिय लेइ ।
विरह व्यथा दुख कहति हु । हुकारौ न विदेइ ॥६९॥
सिसकति जारि भसम्म करि । मा जन लकि मृग अक ।
तिय वधू सुठ सव तें कठिन । सुदून् चरइ कलक ॥७०॥
जौ ससि जुगवें रैंनि किय । पलल गो नहिं नयन ।
तापर कटक किरन किय । पूरि रहति मम सैंन ॥७१॥
जीव जतन करि मिलन कु । मन पठ्यौ तुम्र पासि ।
मन कुच सकट फधियौ । हिय धकधुकी यौ सास ॥७२॥
तैं जु दए दुख नखत सम । पिय गन सैंन सिराहि ।
ए भ्रम राम विराम मुहि । इह विसाल निसि जाहि ॥७३॥
जाइ टक दृग्नि रैंन दिनि । गनत तराइन गैंन ।
डडो भ्रकुटी नयन पल । तुलति समप्राल रैंनि ॥७४॥
को जानैं किहि करवर हि । पकहि परे जु नयन ।
करिवर छर अठेन लए । आवन दए मतैंन ॥७५॥
तुह देखन लगि मोह विधि । नइन करति इक सरिय ।
पछताए कर राम मरति । नख सिख तन पद हत्यि ॥७६॥
दव्व गव्व सोभाग हित । अरधगो पुनि दीन ।
दुक्ख न जानति हे सखी । विछुरति तिन्ह जो कीन्ह ॥७७॥
विछरन सरिसौ दुख नही । मिलन समान न सुक्ख ।
विधि ललाट नेउ अक लिखि । सतति देखौ मुक्ख ॥७८॥
प्रिय मग्गहि जउ कीजियें । जनम अमग्गि न जाइ ।
जिहि मग्गिहि पिय पाइयें । सो मग्ग देखहु भाइ ॥७९॥
लोचन पत्री महि लिखू । कै कादि पथिक कर देउ ।
इहै जुगति जिहि तू मिलें । देखि जनम फल लेउ ॥८०॥

१७. मह, १८. दया, १९. मोर ।

सक सहि करि झंपो नैन । मंति आवइ निसि सोइ ।
सुपनइ देखौ पिय वदन । इहु दरसन पुनि होइ ॥९७॥
दुख असुर हएति संचिरउ । मो तन सव्व सरीर ।
पंच भवानी प्रगट हुअ । संहु संहरि हरि पीय ॥९८॥
तुअ सनेह चंपावती । जन मन छोड़ो काउ ।
सवत इ दुल्लभ प्राण घट । तुअ मग रहौ कि जाउ ॥९९॥
चंपा चंपा जिय जपति । और हि मुक्कवि काम ।
नई सिष्ट ज यो । लेत उठू तुअ नाम ॥१००॥
ज्ञान ध्यान संजमन व्रत । मंत्र यंत्र सभ सून ।
इहु भेखन प्रसन तुअ । को रखौ मम मौन ॥१०१॥
पंच जहा तहं पंच मग । पंच रहति नहि हत्थ ।
मल इक्को वलि इवक कं । इक चलति पिय सत्थ ॥१०२॥
नवमिय विरहो त जुप्पजै[१६] । किहि निमित्त किहि काज ।
मो तन देतन प्रेम वलि । चंप भवानी आज ॥१०३॥
मनसा वाचा करमना । कहौ तदिव्व कर लेउ ।
चंपक माला दरस पर । कोटि जीउ वलि देउ ॥१०४॥
रोही अवरोही जतन । विश्वास जिय जाम ।
इक्क कहै चइक्कपा । प्रति लगाति तुअ नाम ॥१०५॥
किहु जप तप किहु ज्ञान धन । किहु विद्या किहु राज ।
मैं सीव्यौ तु अ नाम निज । तु अ पेमहि स्यु काज ॥१०६॥
वरिस दिउस दिन वरस गय । गैवर साचि जु लाल ।
ए प्रभु अजहु दयाल हुई । कृपा न करहु दवाल ॥१०७॥
जीवन दिन अवृथा सबै । आहि वाय सजि लीन्ह ।
पिय भेटन की येक मल । भुजा अलिंगन दीन्ह ॥१०८॥
प्रीतम भेट्यो इह समैं । सुन्यो अमिय मुख वैण ।
संप्रदाउ पुनि तिह धरी । विहु देखौ इह नैण ॥१०९॥
अंतरि पुट मानिनि धरी । तामहि देखौ पीय ।
वयन रचौ दुख कु दहै । ए विरमावौ जीय ॥११०॥
विद्या रूप न भर्तिहि वत । उ वुधि गहि सरीर ।
जिस घट विरह न संचरइ । क्या जानै पर पीर ॥१११॥
सम चातुरी न बंध न हि । नव रस पियौ न नेह ।
विरस पीर जु न पीरियौ । क्या बुझइ सच एह ॥११२॥

१६. जिप वप ।

लोचन इंद्र हरस पुनि । आयुर वल सत्ताह ।
प्रेम चरित कहि नहि सकत । होहि सबै इक्काह ॥११३॥
कवि विचार धरि जुगति जग । अंसुव दोषनि खोरि ।
कति विशेष कवित्त गुन । भाखा जो काइ होइ ॥११४॥
कवि जन इक्क न भारती । कल्लोलति सविचित्त ।
मोकर देपी आपनी । दोष दुरावइ मित्त ॥११५॥
स्वाति सलिल पिय पेम तुम । भाजन भाव धरंति ।
अहि विषमहि मुत्तिय भगति । कदलि कपूर भरंति ॥११६॥
अहि मुख सुधा कि पाइयइ । सीतत तनु मन सेहि ।
दुजन पाहि मलप्पनउ । सुचि दवानेह का मेह ॥११७॥

सिंगार-सतक भाषा

[शृङ्गार-शतक]

[हिन्दी का एक अप्रकाशित ग्रन्थ]

सम्पादक—अगरचन्द नाहटा

सिंगार सतक भाषा

ओ३म नमो त्रैलोक्य मैं । प्राना कर करतार ।
प्रेम रूप उद्धरन जग । दया सिंधु अवतार ॥१॥
इक्वल रे पति लोक विय । सचेव वहि निसि जगि ।
आडंबर रचि पेम को । रच्यो महम्मद लगि ॥२॥
सिंगार प्रभु सज्जि करि । वेगहि होइ सिंगार ।
मोह न हुई रजहि सकल । रही न बुद्धि विचार ॥३॥
पति सिर ताज सिंगार रस । अष्ट महानंद ग्राहि ।
भाव तरंग समान सब । नव रस रंजन साहि ॥४॥
रस आगम निवास रस । रस लघित तिय बाल ।
तिनही मह सुख उपज्य । रत विरत जंजाल ॥५॥
पेम उदधि तिय निद्दलगि । किय मत्थन मनमत्थ ।
पेम जार संसार पर । विस्तरीयौ नर नत्थ ॥६॥
मथ्यौ ज चौदह रतन लगि । ते तिय तन सब आहि ।
मूरख देवज पित्त जन । उदधि विगारयौ साहि ॥७॥
पुहुवी रतन ज उप्पजिउ । भयौ न सुरनर गोत ।
पटतर देखन तौ वनै । रति अनंग सुत होत ॥८॥
अलिमाला वल्लिन गई । अहि कुल दुरे पतार ।
मृग मद को वरना छुअै । वरन वास तुअ वार ॥९॥
स्याम कुटिल चित्तह डसन[1] । परतपि विषधर ग्राहि ।
मन्न कहूं जो हसि पटत । करह गहत मच साहि ॥१०॥
सुरति श्रम जल उप्पजै । बूंद रहो लट अंत ।
शिव लिलाट पैं तृपति भैं । ग्रहि मुधि अमी चुवंति ॥११॥
पट पटो लट उन्ह है । छुट विज्जुल मुसकंति ।
बूंदन श्रम जल वदन पैं । विपरीत हि बरषंति ॥१२॥
श्रम जल बूंद ज चून भो । मलय वनी फद वारि ।
चित पर सौंच रचत कधिउ । सक्कइव को निरवारि ॥१३॥
पेम अपेटन करन लगि । राग पर त्रिय दिन्ह ।
अलका धरि बावरि रची । मा मन मृगधर लिन्ह ॥१४॥
रच झारत तम विरथरिउ । गयौ सुरवि दधि माहि ।
पति मंजु पक्षति दरस मुख । भई संध्या गत जाहि ॥१५॥
पच बूटें तुम सीस पर । पुहप रहे सोभंत ।
देखि अनंग खिसि गयौ । मानहु तिमिर हसंत ॥१६॥

---

१ रसन ।

श्रम जल बुंद मुख चद परि । हसि जु लेत पिय नाम ।
लोचन मध्य जु भसम करि । सीचि जु आवत वाम ॥३५॥
हारावलि पैन्हौ जतन । सोभित मुतियन फद ।
वदन बीच इम देखियत । ज्यु पावस वैठौ चद ॥३६॥
तिन तो रहु राहु न गहै । तिय घूघट करि टक ।
वदन सुधाकर सरद को । मृग मद आउ कलक ॥३७॥
चपा वरन तुम्र देखिकैं । चपा सतु तर डार ।
कचन समसर होन लगि । दिनहु सहन तन झार ॥३८॥
वदन चपिका चद सम । भूल्यौ भय मति चित्त ।
उह वदीयं जगि दुइज दिनि । इह पति वदइ नित्त ॥३९॥
मन पतग फिरि फिरि परै । चपा रूप तुम्र जोति ।
रतन दीप मुख जग मगै । फूकि मरहि सुठि सौति ॥४०॥
हित परीति सहि जु चपा । मूरति चपा अनग ।
तरु सुहाग तरु ना सकल । कचन चपा सुरग ॥४१॥
कवि पटतर है मयक सम । आनन चपा सु काई ।
निकलक जलि लाट पर । सोठ लग्रत तिय पाई ॥४२॥
खडित अधर जु दरपनहि । निरखि लई तिय सीव ।
मुख कुदन जन जरिय पिय । चूनि रही जिन पीक ॥४३॥
वचन पान कछु कर गहे । बोलति सियल जु वैन ।
मकरद जु लयौ कमल जिम । देखहु सखि ए नैंन ॥४४॥
ग्रहै जुनवरस साखि धरि । अर्द्ध प्रीति रग जाहि ।
मच वदन दुज राज कर । सकल्पौ जिउ साहि ॥४५॥
साहिव सचौ मैंन रचि । शशि के तेजत याज ।
हेम पेम कुदन करति । मूरति भरीग्र चपाजु ॥४६॥
नयन अवटि साचौ कियौ । पचि तरु चिति विधि ग्राहु ।
हिमकर हिम हिम कटित भरि । मूरति चपा जुसाह ॥४७॥
भौर चच रत्तिय कुटिल ।
रास पिमुक्कति नासिका । वर्णत बनत न मूल ॥४८॥
पल सकुचित पल उस्ससति । मधुप पुहप पर होइ ।
मुतिय मुकट जु इक्क पुर । त्रिपुर विराजत सोइ ॥४९॥
कहु फूली सुख तिन्ह रवा । कवहु विराजत नत्य ।
विनह घलकृत सोहिवौ । छवि वर्णे अकथत्य ॥५०॥
कहा वधू विद्रुम कमल । कहा मानिक कहा लाल ।
सुरत घत वहत न वनहि । सोहत अधर गुलाल ॥५१॥
अधर सुरग कुरग भै । नैन कुरग सुरग ।
बरं जु रगति रग तन । रहै न भग सुचग ॥५२॥

नयन जु आए रवन हुइ। सुमिर न बड दुप दिन्ह।
अधर पिड पर मौपधी। वर न व्यथा हरिलिन्ह ॥५३॥
वयु कटाक्ष सोभित तरनि। फिर चितवनि मुसकात।
मुद्रित अलि क्षुद्रति मनौ। मौर कवल विक्सति ॥५४॥
बल्लभ तुह अनर्मो रह्यो। गए लच्छिनहि चिन्ह।
पेम पियासे अधर मधु। क्या पुव्वक लिन्ह ॥५५॥
दिव्य कवल मुख वास लगि। लए दसन अलि ताहि।
मुतिय जन वधन भरे। सोभित चौका साहि ॥५६॥
अलि चदनि हीरा धरनि। गगन वीजु दधिमोति।
दारिम मुख मुद्रित रहित। देखि दसन की जोति ॥५७॥
कूप चिवुक मो मन परिउ। त्रिषा अधर जल भास।
कुतल कटक कुटिल परि। कर करि कट्टति तास ॥५८॥
मनु तुम पेम हि गह रम्यौ। नयन धरत आवास।
कूप चिवुक पर वावरे। पुनि निकसन की भास ॥५९॥
वदन सरोवर मदन जल। जुव्वन लहरी लेत।
नैन पियासे दरस के। घूघट घाट न देत ॥६०॥
कह पायो कठ मोर पिक। कह कपोत कि मान।
चलिति जु नारि फणिद गति। वर्णत बनै न वान ॥६१॥
मद जुव्वन कुच कुभ दुइ। गर्वति तीम मतग।
अर्द्ध मयक लिलाट पर। मकुश गह्यो अनग ॥६२॥
पन्नग पक्ज मुखि गहै। विप जनतिहा दिठ।
उर सिहासन साजि करि। साहिब साहिब इठ ॥६३॥
चक्रवाक कुच हृदो सर। मुपतिन्ह जटित मुघाट।
तहाँ फुल्लित भई कुमुदिनी। देखत चद ललाट ॥६४॥
उर सर परि कुच कमल दोउ। मुद्रित अचल षाम।
उडे जु सौरभ नयन अलि। मति मलती मोर स्याम ॥६५॥
[illegible]धि वहि भ्रम जानि करि। माहि बुचह क्या दिन्ह।
[illegible]वत आवत मुष्शन हि। उठिहँ आदर दिन्ह ॥६६॥
[illegible]ाज सरित याहर मदन। मरूप महतकटि वधि।
[illegible]च तू या हिय रक्षित करि। धर्मों वहि नम गधि ॥६७॥
[illegible]तम अधर माहि एु। बुच घतर तन तप।
[illegible]रि वानर उद्योततम। हरण करण मोहरप ॥६८॥
[illegible]र वराहि जुव्वन मर्म। भए जु लिहन उत्रग।
[illegible]दौ ठलायौ पीम बहु। छाए हरवरे मनग ॥६९॥
[illegible]ह पुरद वस केलि करि। रानि करौ मन मत्थ।
[illegible] निमित्त कुच ममुहे। पुहवि पसारत हत्थ ॥७०॥

मंडलीक कुच अवल बल । उच्चत कठिन समर्व ।
स्याम छत्र सिरि चक्रवति । कर दाइक जन सर्व ॥७१॥
न्याय , पयोहर चक्रवति । कुंदन श्री फल ग्राहि ।
दिग मंडल कर जे ग्रहत । ते करदे तव साहि ॥७२॥
भरे जु कुदन कलस कुच । कुद करन नखि कुंद ॥
जुव्वन मद गुन गव्वं करि । मुखज मैन मसि बुंद ॥७३॥
चित्त हरत कंचन वरन । सिहुन रचे जगदीस ।
दृष्टि निवारण कर परस । मसि कज्जल दिय सीस ॥७४॥
जुव्वन समैं जु कंचुकी । कुच हैं दोउ उतंग ।
शिव जित्तन कहु गूडरा । मान हुईड अनंग ॥७५॥
उब्भलता कर जोरि कइ । कुच उन्नत कटि सुद्ध ।
मदन महाजल उम्मटिउ । घाघ निहारति मुद्ध ॥७६॥
तोरत अंग अनंग कुच । तापर परीजु दृष्टि ।
अति उतकंठा पुत्तरी । ऊछटि सीस वइट्ठ ॥७७॥
भृंगी कुल जनितवयर । केहरि लंक जुसाहि ।
सौतिनि गव्व गयद जिमि । भुजंत सौरम साहि ॥७८॥
धूप सिखा रोमावली । शिव कुच अक्षत फूल ।
इह तपक्रम पायौ जु फल । साहिब पति अनुकूल ॥७६॥
पिय भेटत घर वलय वद । चदन रहत न अंग ।
हित स कुतल अधर कुच । पीर सहत मोर सग ॥८०॥
मज्जन राम सुगंध तन । अभरन वनं अनूप ।
पान वदन छवि देखि मुनि । चेतुप मुक्कहि रूप ॥८१॥
मुकलित भूषन कुच वासन । मउ लित वलय विराम ।
दपति मदन विरच्चिये । थकवे सुरति सग्राम ॥८२॥
विभ्रम हलि मिलि थकित तन । दोउ निद्रा वि करीर ।
प्रीत गमन भुज फद । फदे अरुझे वारह वार ॥८३॥
निसि विभ्रम पूहपित नखत । परमल भिन्नित अंग ।
लोचन निद्रा सिथिल हित । गहत परस पर सग ॥८४॥
निद्रा नयन विलास गय । धूपित दीपग नार ।
सीरक मोतिन्ह पुलक तन । फीको वदन उगार ॥८५॥
दोऊ भावत मति पेम रत । सकुच पमुक्कि मिलेजु ।
सुरत अंत नयन तु मिलहि । दुरि मुसकात भलेजु ॥८६॥
श्रम थके थकम सिथिल । हेतत होत विमौन ।
हुं जानत पिय मानि है । रूसन वदि उव कौन ॥८७॥
भावत सुरत वियाम करि । मिलति उपजति सास ।
दुहु तन आउस साधि जन । जोम तै इक्कहि आस ॥८८॥

कस्प पिट्ठिहि देखियत । कठ विना गुनहार ।
नौ ग्ररविंदज इक्क कर । कर तव कौन विचार ॥८६॥
रे वलि तू जिन विस गहहि । मोचिहि नही और ।
जिम कमल छवि पुतली । तिम हिय ग्रोर न ठौर ॥६०॥
कमल निरखति कमल गहि । कमल मिलहि न ग्रघाइ ।
द्वादस कमलहि इक्क हुइ । कमल-कमल नहि जाइ ॥ ६१॥
कमल नयन जिनि रुदिन करि । पुजु ग्रनिमेष धराहि ।
वरनि मुत्ति गुज कुवदन । परत नीर हुइ जाहि ॥ ६२॥
नयन सीपि छवि स्वाति जल । पीपत पलक पसारि ।
पिय मुत्ताहल चाहियत । हसति मुकावति नारि ॥ ६३॥
पिय पगि लागि मनाउ तू । मिलुपहि पच्छिम जाम ।
नहि ग्रक्षर विपरीत कर । माननि मुक्कहि मान ॥ ६४॥
कत ग्रानन सु रूसकरि । जिउ छिज्जै किहि काज ।
रूसति रमणि मनाइयै । उपम खात कि लाज ॥ ६५॥
चचल तिरक्ख निचित विवि । मनलोयन ज कहत ।
तू ग्रमूरति देखन हलगि । ठौरहि ठौर उगत ॥ ६६॥
सपनस पानि पदक्ख वहु । कर ग्रगुल ज धरति ।
रे मुक्ताहल निलज तिय । हसि हसि गुज करति ॥ ६७॥
ककन पीठहि देखियत । कठ विना गुन हार ।
नौ ग्ररविंदु जु इक्कठा । करतव कौन विचार ॥ ६८॥
ग्रक्षर मुत्ताहल रच्यौ । गुन गुथि रक्खो पति ।
दूभर मानौ दोहरौ । हिय सपुट इहि भाति ॥ ६६॥
मुत्तिय गुन हृदौ सकति । सुकृत पीठ कमठ ।
मध्य लाल को नाम गुन । कठ माल मम कठ ॥१००॥
नयन चतुर मूरति चपा । पल पल दुतिज धरति ।
जनु दुतिया के चद जिम । दिनि दिनि कला चडति ॥१०१॥
मुरि बैठति पन्नगह जिम । कसत ग्रनल न जीय ।
मानुज विष नप सिष चरिउ । मत्र न मानति तीय ॥१०२॥
इन्ह नैनन पहर सन नहि । रसन नैन न हुग्राहि ।
चित्त हरत चेटक वदन । रूप कहा काहू साहि ॥१०३॥
उर समुद्द मथि ज्ञानवर । काढे सात रतन्न ।
पेम हेम कुदन करत । जुरे जुतिम्र रतन्न ॥१०४॥
इति शतम् ।

पीछे के भिन्नाक्षरो में इह पोथी हरष कीरति पासि लीन्ही छै । इह पोथी रा पत्र ४ ग्रकै चारि पत्र छै । पडवा की छै । सवत १७२२ चैतवदि १ ॥

॥ सिगार सतक भाषा ॥

सवाई पचीसी तथा सवाई बतीसी

[मुनि कान्तिसागर जी से प्राप्त]

लेखक—किसोर पोष्करणों

।। अथ सवाई पचीसी कृति दिली मै किसोर पोष्करणो ।।

।। दूहा ।।

सरसति समरू स्यघ गुण, अवतारा ज्यौ वोप ।।
पेस पचीसी भूप की, प्रगट बिसन पछोप ।।१।।

।। छंद जाति मनहर ।।

आगै आप अवतार, नृस्यघ सरूप धार, हैनाकुस मारि, पहैलाद कू उबारे जू
वारन पुकार कीरकार सुणि ततकार, जल माँहि तारवे कू पाव आपधारे जू ।।
हेटि हेटि जैतवार असुर पछार मार, अपने उधारन कू ढील न करारे जू
नृप जयस्यघ की उमग आगै टिकै कौन बाजत सवाई जी के जैत के नगारे जू ।।२।।

आप अवतार राम भेता माहि धारि नाम बडे बडे कीन्हे काम दस्थ उधारे जू
जानकी कौं व्याहि अर सेमौ बनवास जाय, दुष्ट के उडायवे कू जोग तप घोर जू ।।
सीता को हरन हार तै बिडारयौ रावन ज, वार वार जोत कै अयोध्या हू पधारे जू
नृप जयस्यघ की उमग आगै टिकै कौन, बाजत सवाई जी के जैत के नगारे जू ।।३।।

